
वर्ष : 33 ➧ अंक : 221 ➧ पृष्ठ : 8 ➧ मुंबई, रविवार, 27 अक्टूबर 2024 ➧ RNI: MAHHIN/49994/91 ➧ मूल्य : 3 रुपए ➧ epaper.dobajedopahar.com ➧ संपादक : अरुण लाल




DBD
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# दो बजे दोपहर




## महाराष्ट्र का रण

**मतदाताओं से अपील**
विधानसभा चुनाव आपके लिए एक अवसर है राज्य को गढ़ने का-संवारने का. आपसे अपील है कि स्वस्थ लोकतंत्र के लिए खुद मतदान जरूर करें और सगे-संबंधियों को भी प्रेरित करें.

# लिस्ट पर लिस्ट जारी



## उद्धव ठाकरे ने फैसले से चौंकाया

उद्धव सेना की ओर से राजुल पटेल और राजू पेणडेकर प्रमुख दावेदार थे, लेकिन उद्धव सेना ने सभी को चौंकाते हुए हारुन खान को उम्मीदवार घोषित कर दिया। दरअसल, हालिया लोकसभा चुनाव में शिवसेना यूबीटी प्रत्याशी अमोल कीर्तीकर को तकरीबन 22 हजार की लीड मिली थी। इसी वजह से कांग्रेस-शिंदे सेना के लिए यह सीट हॉट बनी हुई थी। इस सीट पर 30 प्रतिशत से अधिक मुस्लिम वोटर हैं।

## भाजपा ने जारी की प्रत्याशियों की दूसरी सूची

**नए चेहरों पर भरोसा नहीं, दिग्गजों पर खेला दांव**



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र चुनाव के लिए बीजेपी ने अपनी दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 22 विधानसभा सीटों के लिए कैंडिडेट्स का ऐलान किया गया है। लेकिन लिस्ट देखने से साफ लग रहा कि बीजेपी फूंक फूंक कर कदम रख रही है। वह कोई भी मौका नहीं देना चाहती। इसलिए उसने ज्यादातर मौजूदा विधायकों को ही रिपीट किया है।

### केवल एक महिला उम्मीदवार



पार्टी की दूसरी लिस्ट में केवल एक महिला उम्मीदवार है। नासिक मध्य से पार्टी ने देवयानी सुहास फरांदे को टिकट दिया है। दूसरी लिस्ट एसटी की 3 और एससी की 2 सीटें हैं। 22 सीटों पर कैंडिडेट का ऐलान करने के साथ ही बीजेपी इस चुनाव में सबसे ज्यादा सीटों पर उम्मीदवार उतारने वाली पार्टी बन गई है। अब तक उसने 121 कैंडिडेट की घोषणा कर दी है।

### कोई जोखिम नहीं

बीजेपी ने दूसरी लिस्ट में कोई जोखिम नहीं लिया। मौजूदा विधायकों को ही मौका देने का फॉर्मूला अपनाया गया है। नए चेहरों को जगह नहीं मिल पाई है। पुणे में बीजेपी के सभी विधायक दोबारा भी रिपीट हुए हैं। कैंटोनमेंट से सुनील कांबले को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है। खड़कवासला से भी भीमराव तपकीर को दोबारा मौका दिया गया है। कसबा से उपचुनाव हारने वाले हेमंत रसाने को फिर से टिकट दिया गया है। गोपीचंद पडलकर और देवयानी फरांडे को भी मैदान में वापस लाया गया है। एनसीपी से बीजेपी में शामिल हुए केवलराम काले को अमरावती से उम्मीदवार घोषित किया गया है। केवलराम काले कांग्रेस से पहले विधायक रह चुके हैं। अमरावती के मेलघाट से मौजूदा विधायक राजकुमार पटेल बीजेपी ने पत्ता काट दिया है। राजकुमार पटेल प्रहार छोड़कर शिवसेना शिंदे से चुनाव लड़ने के इच्छुक थे। लेकिन यह सीट बीजेपी के पास आ गई। उल्हासनगर से कुमार आलियानी और नासिक मध्य से देवयानी फरांडे का नाम घोषित किया गया है।

### इनका टिकट कटा

मुंबई की घाटकोपर ईस्ट सीट के विधायक पराग शाह , वर्सोवा से भारती लवेकर और बोरिवली सीट के विधायक सुनील राणे का नाम इस सूची में भी नहीं है। माना जा रहा है कि पार्टी ने उनका टिकट काट दिया है।

## कांग्रेस की 23 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी

- कांग्रेस ने फेंका पासा, गड़बड़ा जाएगी 'महायुति' और बीजेपी दोनों की गुणा-गणित?



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस ने उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी कर दी है। इसमें 23 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया गया है। अब तक कांग्रेस पार्टी 71 उम्मीदवारों का ऐलान कर चुकी है। इस लिस्ट में कांग्रेस ने डिप्टी सीएम और भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ दक्षिण नागपुर से गिरीश कृष्णराव पांडव को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। श्रीरामपुर के विधायक लहू कांडे का टिकट कट गया है। उनकी जगह पर हेमंत ओगले को उम्मीदवार बनाया गया है। सावनेर से सुनील केदार की पत्नी अनुजा केदार को प्रत्याशी बनाया गया है। इस बीच, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले के खिलाफ एक मजबूत उम्मीदवार सुरेश भोयर को मौका दिया गया है। पार्टी ने भुसावल से राजेश मानवटकर, जलगांव से स्वाति वाकेकर, वर्धा से शेखर शिंदे और यवतमाल से मांगूलकर को टिकट दिया है। इसे ही कुछ सीटों पर कांग्रेस का मास्टर स्ट्रोक माना जा रहा है।

### किसको कहां से मौका?

पार्टी ने ये टिकट उस वक्त जारी की है, जब खबरें आ रही थीं कि राहुल गांधी महाराष्ट्र की चंद प्रमुख सीटों पर एनसीपी (शरद पवार) और 'उद्धव सेना' के दावे से नाराज हैं। ऐसी खबरों के बीच कांग्रेस ने वसई से विजय गोविंद पाटिल, सियोन कोलीवाडा से गणेश कुमार यादव और श्रीरामपुर से हेमंत ओगले को उम्मीदवार बनाया गया है। कांग्रेस की केंद्रीय चुनाव समिति (सीईसी) की बैठक के एक दिन बाद उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी की गई।

## NCP शरद गुट की दूसरी लिस्ट जारी, 22 नाम

**पहली लिस्ट में 45 कैंडीडेट उतारे थे**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

शरद पवार गुट की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए शनिवार को दूसरी लिस्ट जारी की। इसमें 22 उम्मीदवारों के नाम हैं। 25 अक्टूबर को पार्टी ने पहली लिस्ट जारी की थी। जिसमें 45 कैंडीडेट का ऐलान किया गया था। पार्टी अब तक 67 कैंडीडेट के नामों की घोषणा कर चुकी है। NCP शरद गुट ने बारामती से युगेंद्र पवार को टिकट दिया है। वे चाचा अजित पवार के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। अनिल देखमुख को कटोल, जितेंद्र आव्हाड को मुंब्रा कलवा और जयंत पाटील को इस्लामपुर सीट से उम्मीदवार बनाया है।


### मनसे ने 15 उम्मीदवारों की चौथी सूची जारी की

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) ने शनिवार को पंद्रह उम्मीदवारों की सूची जारी की। पार्टी ने पनवेल सीट से योगेश जनार्दन चिले, खामगांव से शिवशंकर लगर, अक्कलकोट से मल्लिनाथ पाटील, सोलापुर शहर मध्य से नागेश पासकंटी को उम्मीदवार बनाया है। जबकि जलगांव जमोद से अमित देशमुख, मेहकर से भय्यासाहेब पाटील, गंगाखेड से रुपेश देशमुख, उमरेड से शेखर टुंडे, फुलंब्री से बालासाहेब पाथ्रीकर, परांडा से राजेंद्र गपाट, उस्मानाबाद (धाराशिव) से देवत्त मोरे को उम्मीदवार बनाया गया है। वहीं, काटोल से सागर दुधाने, बीड से सोमेश्वर कदम, श्रीवर्धन से फैझल पोपेरे और राधानगरी से युवराज येड्रे को टिकट दिया गया है।

## उद्धव ठाकरे ने घोषित किए 18 और कैंडिडेट

**अब तक घोषित किए हैं 83 कैंडिडेट**



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना ने 18 और उम्मीदवारों के नाम की घोषणा की। इसमें वर्सोवा से हारुन खान, घाटकोपर पश्चिम से संजय भालेराव, विले पार्ले से संदीप नाईक, शिवडी से विधायक अजय चौधरी, भायखला से मनोज जामसुतकर और वडाला से श्रद्धा जाधव का नाम शामिल है। वर्सोवा सीट को लेकर महाविकास आघाडी में कोई फैसला नहीं हुआ है, परंतु उद्धव सेना ने उससे पहले ही उम्मीदवार घोषित कर दिया। इसका वर्सोवा कांग्रेस की ओर से भारी विरोध हो रहा है।

### 15 कैंडिडेट और घोषित किए

शनिवार को उद्धव सेना ने पहले 15 उम्मीदवार का नाम घोषित किया। कुछ घंटे के बाद ही तीन और नाम का ऐलान किया। इससे पहले पार्टी ने 23 अक्टूबर को पार्टी ने 65 उम्मीदवारों की लिस्ट जारी की थी। अब तक पार्टी 83 उम्मीदवारों के नाम घोषित कर चुकी है। गौरतलब है कि महाविकास आघाडी के सीट बंटवारे में 85-85-85 का फार्मूला उद्धव सेना, कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी के बीच तय हुआ था। उद्धव सेना ने अब तक 83 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिया है। शनिवार को पार्टी ने पार्टी ने धुले शहर से अनिल गोटे, चोपड़ा से राजू तड़वी, जलगांव शहर से जयश्री महाजन, बुलढाणा से जयश्री शेलके, दिग्रस से पवन जायसवाल, हिंगोली से रूपाली पाटिल, परतुर से आसाराम बोराडे, देवलाली से योगेश घोलप, कल्याण पश्चिम से सचिन बासरे, कल्याण पूर्व से धनंजय बोडारे, श्रीगोंदा से अनुराधा नागवाड़े, कणकवली से संदेश पारकर को प्रत्याशी बनाया है।

### देखते रही कांग्रेस और उद्धव ने मारी बाजी

वर्सोवा सीट को लेकर कांग्रेस और उद्धव सेना के बीच जबरदस्त लड़ाई थी। कांग्रेस शुरू से ही वर्सोवा को अपनी सीट मानकर चल रही थी, लेकिन उद्धव सेना ने उम्मीदवार के नाम का ऐलान कर बाजी मार ली। अब कांग्रेस नेता उद्धव सेना की आलोचना कर रही है। गौरतलब है कि वर्सोवा सीट पर कांग्रेस के पूर्व मंत्री सुरेश शेट्टी, पूर्व विधायक बलदेव खोसा, भावना जैन, अवनीश सिंह, अखिलेश यादव, पूर्व आईपीएस संजय पांडे जैसे करीब 38 लोगों ने दावेदारी की थी।

## महाराष्ट्र में गरजेंगे पीएम मोदी

- भाजपा ने जारी की स्टार कैंपेनर्स की लिस्ट,
- पीएम मोदी समेत कई बड़े नाम

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**



भाजपा ने महाराष्ट्र चुनाव के लिए स्टार कैंपेनर्स की लिस्ट जारी कर दी है। इस लिस्ट में कई बड़े नाम शामिल हैं। इन नामों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, अमित शाह जैसे दिग्गज नेताओं के नाम शामिल हैं। राज्य की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान 20 नवंबर को होगा और मतगणना 23 नवंबर को होगी। भाजपा की स्टार लिस्ट में रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंह के नाम भी शामिल हैं।

### लिस्ट में शामिल 40 नाम

भाजपा के स्टार प्रचारकों की लिस्ट में 40 नाम शामिल हैं। इनमें प्रमोद सावंत, भूपेंद्र पटेल, विष्णुदेव साय, मोहन यादव, भजनलाल शर्मा, नायब सिंह सैनी, देवेंद्र फडणवीस, चंद्रशेखर बावनकुले, शिव प्रकाश, भूपेंद्र यादव, अश्विनी वैष्णव, नारायण राणे, पीयूष गोयल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, रावसाहेब दान्वे पाटिल, अशोक चव्हाण, उदयन राजे भोंसले, विनोद तावड़े, आशीष शेलार, पंकजा मुंडे, चंद्रकांत दादा पाटिल, सुधीर मुंगातिवार, राधाकृष्ण विखे पाटिल, गिरीश महाजन, रविंद्र चव्हाण, स्मृति ईरानी, प्रवीण दारेकर, अमर साबले, मुरलीधर मोहोल, अशोक नेते, संजय कुते, नवनीत राणा आदि हैं।

## फ्लाइट्स में बम की धमकी पर केंद्र की एडवाइजरी



**एजेंसी । नई दिल्ली**

इंडियन एयरलाइंस की 33 फ्लाइट्स में शनिवार को फिर बम होने की धमकी मिली। इस तरह 13 दिनों में 300 से ज्यादा डोमेस्टिक और इंटरनेशनल फ्लाइट्स में बम होने की धमकी मिल चुकी है। हालांकि ये सभी जांच में झूठी निकली हैं।

### सख्त रवैया

उधर, केंद्र सरकार ने इन धमकियों पर सख्त रवैया अपनाया है। आईटी मिनिस्ट्री ने शाम को एडवाइजरी जारी कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स से कहा कि अगर वे ऐसी झूठी सूचनाओं को फौरन नहीं हटाते हैं तो उन्हें आईटी एक्ट के तहत मिलने वाली इम्युनिटी रद्द कर दी जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि ऐसी सूचनाओं को तुरंत हटाकर इसकी जानकारी संबंधित अधिकारियों को भी देनी होगी।

## योगी के 'बंटेंगे तो कटेंगे' बयान को RSS का समर्थन

- सरकार्यवाह होसबोले ने कहा- अगड़ा और पिछड़ा, जाति-भाषा में भेद करेंगे तो हम कटेंगे

**एजेंसी । नई दिल्ली**

'बंटेंगे तो कटेंगे' के नारे पर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसए) का खुला समर्थन मिल गया है। आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने तो इसे जीवन मंत्र जैसा बता दिया। उन्होंने कहा कि 'बंटेंगे तो कटेंगे' को हमें अपने जीवन में उतारना चाहिए। यह हिंदू एकता और लोक कल्याण के लिए जरूरी है। होसबाले ने यह बात मथुरा में आरएसएस की वार्षिक बैठक के दौरान एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कही।

### हरियाणा की रैली में दिया मंत्र हुआ हिट



योगी आदित्यनाथ ने हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान एक रैली में हिंदुओं को जातियों में बांटने की विपक्षी दलों की रणनीति के प्रति आगाह किया था। उन्होंने कहा था कि विपक्ष चाहता है कि मुसलमान एकजुट होकर ताकतवर और हिंदू जातियों में विभाजित होकर कमजोर बने रहें। योगी आदित्यनाथ ने पड़ोसी देश में मुसलमानों के हाथों बेगुनाह हिंदुओं के मारे जाने का हवाला देकर कहा था कि बंटेंगे तो कटेंगे।

## सीआरपीएफ ने जवानों को दिया दीवाली का तोहफा

- एएसआई-एसआई समेत 5000 कर्मियों को किया पदोन्नत

**एजेंसी । नई दिल्ली**

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने जवानों को दीवाली का बड़ा तोहफा दिया है। सीआरपीएफ ने देश के विभिन्न आंतरिक सुरक्षा क्षेत्रों में कठिन ड्यूटी करने वाले कर्मियों का मनोबल बढ़ाने के लिए विशेष अभियान के तहत लगभग 5,000 जवानों और उप-अधिकारियों को इस महीने पदोन्नत किया है। बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पदोन्नत होने वालों में कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल, सहायक उप निरीक्षक और उप निरीक्षक रैंक के कर्मी शामिल हैं जो नाई, बैंड वादक, बढ़ई, मोटर मैकेनिक, ड्राइवर, रसोइया और सामान्य लड़ाकू ड्यूटी कैडर में काम करते हैं।

## 'दोषियों की पेशी के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंस का उपयोग क्यों नहीं हो रहा'

**अदालत का महाराष्ट्र गृह सचिव से सवाल**

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र के गृह सचिव को यह बताने का निर्देश दिया है कि अदालत में आरोपियों को सबूत दर्ज करने के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा है। जस्टिस राजेश बिंदल और जस्टिस आर. महादेवन की पीठ ने सचिव को इस संबंध में दो सप्ताह के



भीतर हलफनामा दाखिल करने को कहा है। पीठ ने कहा, 'महाराष्ट्र के गृह सचिव को एक हलफनामा दाखिल करना चाहिए कि सबूतों की रिकॉर्डिंग और आरोपियों की पेशी के लिए वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग सुविधाओं का उपयोग क्यों नहीं किया जा रहा है? हलफनामे में यह भी बताना होगा कि महाराष्ट्र में ऐसी सुविधाएं मौजूद है भी या नहीं? हलफनामे में यह भी बताना पड़ेगा कि अदालतों और जेलों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की सुविधा उपलब्ध करने के लिए कितनी राशि जारी की गई थी?' सुनवाई के दौरान जब अदालत ने राज्य के वकील से पूछा कि आरोपी को पेश क्यों नहीं किया गया तो वे कोई स्पष्टीकरण नहीं दे पाए। सुप्रीम कोर्ट का निर्देश एक आरोपी द्वारा याचिका दायर करने के बाद आया। आरोपी ने बताया था कि उसके मामले में सुनवाई 30 बार स्थगित की गई थी, क्योंकि उसे पेश ही नहीं किया गया था।

## सिद्धारमैया की पत्नी का कबूलनामा

### पत्र में व्हाइटनर लगाने की बात मानी

**एजेंसी । मैसूर**



कर्नाटक के लोकायुक्त ने मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी केस में मुख्यमंत्री सिद्दरमैया की पत्नी पार्वती से पूछताछ की। सूत्रों की माने तो पूछताछ के दौरान सीएम की पत्नी ने माना कि अथॉरिटी में जमा किए गए पत्र में उन्होंने व्हाइटनर लगाया था। पार्वती मैसूर में लोकायुक्त टीजे उडेशा के समक्ष पेश हुईं। सीएम की पत्नी पार्वती के बयान की वीडियो रिकॉर्डिंग की गई है। जांच के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि वाक्य में गलती होने कारण व्हाइटनर का इस्तेमाल किया गया।

उल्हासनगर विधानसभा चुनाव

# उल्हासनगर में 'बवाली' लड़ाई

## भाजपा से कुमार आयलानी व राकांपा से ओमी कालानी की उम्मीदवारी की घोषणा

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर विधानसभा उपचुनाव का रण काफी रोचक हो गया है। यहां पर भाजपा के कुमार आयलानी और राकांपा के ओमी कालानी के बीच जंग हो रही है। कुमार आयलानी ने मीडिया से बातचीत करते हुए उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, और उपमुख्यमंत्री अजित पवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि फडणवीस ने उन पर जो भरोसा जताया है, उसके लिए वह दिल से आभारी हैं। आयलानी ने अपने कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों को जनता के सामने लाने का आश्वासन भी दिया। वहीं, राकांपा (पवार गुट) ने शरद पवार की सराहना करते हुए कहा कि उनके विश्वास ने उन्हें इस जिम्मेदारी के योग्य समझा। उन्होंने क्षेत्र में विकास और जनता की समस्याओं के समाधान का वादा किया। टिकट मिलने के बाद उनके समर्थकों में खुशी की लहर देखने को मिली है, जो चुनावी माहौल में उत्साह को बढ़ा रही है।

### त्रिकोणीय मुकाबला



उल्हासनगर विधानसभा-141 में लंबे समय से चल रही चुनावी हलचल अब खत्म होने की कगार पर है, और आगामी चुनाव में त्रिकोणीय मुकाबले की पूरी संभावना है। वंचित आघाड़ी से उम्मीदवार संजय गुप्ता, जो उत्तरभारतीय मोर्चा छोड़कर पार्टी से जुड़े हैं, अपने सेवाभावी कार्यों के आधार पर जनता का समर्थन जुटाने का प्रयास कर रहे हैं। दूसरी ओर, भाजपा के मौजूदा विधायक कुमार आयलानी अपने पिछले कार्यकाल के दौरान किए गए विकास कार्यों का उल्लेख कर रहे हैं और उसी के बल पर जनता का समर्थन हासिल करने की उम्मीद कर रहे हैं। वहीं, राकांपा (पवार गुट) के उमेश (ओमी) कालानी भी चुनावी मैदान में डटे हैं और उल्हासनगर की समस्याओं और भ्रष्टाचार के मुद्दों को उठाते हुए मतदाताओं के बीच अपनी जगह बनाने का प्रयास कर रहे हैं। 20 दिसंबर को मतदान होने के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि जनता ने किस पर भरोसा जताया है, और 23 दिसंबर को मतगणना के बाद अंतिम परिणाम सामने आएगा। यह त्रिकोणीय मुकाबला उल्हासनगर में दिलचस्प चुनावी परिदृश्य पेश कर रहा है, जिसमें हर उम्मीदवार का अपना विशिष्ट आधार है।

### सिंधी बहुल है उल्हासनगर विधानसभा सीट

बता दें कि उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र से सिंधी मतदाता निर्णायक होते रहे हैं। इसके अलावा सिंधी बहुल इस सीट में उत्तर भारतीय, दलित और मुस्लिम मतदाता भी अच्छी संख्या में है। उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 280852 है जिसमें 150401 पुरुष, 130349 महिलाएं, 1601 वरिष्ठ नागरिक, 865 दिव्यांग और 85 वर्ष से अधिक उम्र के 1061 मतदाता शामिल हैं।

### अफवाहों पर विराम

उल्हासनगर के 141 विधानसभा क्षेत्र में आगामी चुनाव के लिए भाजपा, राकांपा (पवार गुट), और वंचित आघाड़ी के बीच त्रिकोणीय मुकाबला तय हो गया है। शनिवार को भाजपा ने कुमार आयलानी को अपना उम्मीदवार घोषित कर सभी अटकलों को विराम दिया। वहीं, राकांपा (पवार गुट) ने पप्पू कालानी के बेटे उमेश (ओमी) कालानी पर भरोसा जताते हुए उन्हें मैदान में उतारा है। वंचित आघाड़ी ने पहले ही संजय गुप्ता को इस सीट के लिए अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया था। तीनों उम्मीदवारों के बीच कड़ी टक्कर की संभावना है, क्योंकि उल्हासनगर क्षेत्र में कालानी परिवार का खासा प्रभाव है, जबकि भाजपा ने भी अपनी पकड़ बनाए रखी है। वंचित आघाड़ी, जो दलित एवं वंचित वर्ग के मतदाताओं के बीच मजबूत पकड़ रखती है, इस मुकाबले को और रोचक बना सकती है।

# उल्हासनगर मनपा का पटाखा मुक्त दिवाली का संकल्प

## उल्हासनगर नागरिकों के लिए पर्यावरण विभाग की सार्वजनिक अपील

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**



उल्हासनगर में प्रदूषण को कम करने और सुरक्षित दिवाली मनाने के लिए पर्यावरण विभाग ने सभी पटाखा विक्रेताओं और उपयोगकर्ताओं को महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने इस संदर्भ में एक सार्वजनिक अपील की है, जिसमें उन्होंने नागरिकों से प्रदूषण को कम करने के लिए पटाखों के उपयोग में सावधानी बरतने और नियमों का पालन करने की अपील की है। इस आदेश के तहत, पटाखा विक्रेताओं को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि वे केवल अनुमति प्राप्त पटाखे ही बेचें और उपयोगकर्ताओं को भी निर्देशित किया गया है कि वे केवल सुरक्षित और प्रदूषण-मुक्त पटाखों का चयन करें। इसके अलावा, पटाखों को निर्धारित समय में ही जलाने की सलाह दी गई है, ताकि शांति और सुरक्षा बनी रहे।

### हरित, सुरक्षित और प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने के लिए विशेष कदम उठाए गए

उल्हासनगर मनपा आयुक्त विकास ढाकने ने शहरवासियों से अपील की है कि वे पटाखे फोड़ने के बजाय पर्यावरण-अनुकूल दिवाली मनाएं। उन्होंने कहा कि ध्वनि और वायु प्रदूषण के साथ-साथ स्वास्थ्य के लिए हानिकारक विषाक्त तत्वों से शहर को बचाना सभी का कर्तव्य है। दिवाली के इस शुभ अवसर पर प्रदूषण से बचने के लिए सभी को पटाखे न फोड़ने और पर्यावरण के अनुकूल तरीकों से त्योहार मनाने की सलाह दी गई है। इसके साथ ही, उन्होंने यह भी जानकारी दी कि शहर के नागरिकों की सुरक्षा के लिए उल्हासनगर मनपा द्वारा पटाखों के अवैध स्टॉक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अनधिकृत पटाखा गोदामों पर छापेमारी की जाएगी और सभी पटाखा विक्रेताओं के लाइसेंस की जांच की जाएगी। आयुक्त ने शहरवासियों से अपील की है कि वे प्रदूषण विभाग की इस अपील का पालन करें और पर्यावरण संरक्षण में योगदान दें, ताकि दिवाली का त्योहार सभी के लिए सुरक्षित और आनंददायक हो सके।

# सुभाष भोईर ने चुनाव प्रचार कार्यालय का किया उद्घाटन

**डीबीडी संवाददाता | कल्याण**



कल्याण ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के लिए महाविकास अघाड़ी के उम्मीदवार सुभाष गणु भोईर के समर्थन में शिवसेना शाखा भाल में कार्यकर्ताओं की बैठक हुई। साथ ही आडीवली समर्थनगर में चुनाव प्रचार कार्यालय का उद्घाटन किया गया। बैठक में सभी पदाधिकारियों ने एकजुट होकर सुभाष भोईर को भारी मतों से जीताने का संकल्प लिया। सुभाष भोईर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें भाल गांव से विशेष प्रेम है और महाविकास अघाड़ी की जीत को सुनिश्चित करने में सभी का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने बताया कि पिछले पांच वर्षों में भाल गांव और कल्याण ग्रामीण निर्वाचन क्षेत्र में रुके हुए विकास को आगे बढ़ाने के लिए महाविकास अघाड़ी सरकार का गठन जरूरी है। इस मौके पर तालुका प्रमुख मुकेश पाटिल, एनसीपी के गणेश म्हात्रे, गजानन म्हात्रे, सुखदेव पाटिल, शाखा प्रमुख निशांत म्हात्रे, पूर्व सरपंच राजेश फुलोरे, और शाखा संयोजक छाया म्हात्रे भी उपस्थित थे।

## घर में बीफ पाए जाने के बाद छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे में एक जर्जर घर में बीफ पाए जाने के बाद छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से एक व्यक्ति को पकड़ लिया गया था, लेकिन बाकी फरार होने में कामयाब रहे। गुप्त सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने छापेमारी की। इस दौरान उन्होंने 1.6 लाख रुपये मूल्य का प्रतिबंधित मांस जब्त किया।

# व्यापारी से 15 लाख की ठगी

**डीबीडी संवाददाता | नवी मुंबई**




महाराष्ट्र में नवी मुंबई के वाशी में पांच करोड़ का लोन देने का वादा कर एक 45 वर्षीय व्यापारी से 15 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने इस घटना की जानकारी दी। आरोपियों ने 2022 में पीड़ित से संपर्क किया था। उन्होंने व्यापारी से वित्त कंपनी के प्रतिनिधि के तौर पर बात की और पीड़ित को पांच करोड़ रुपये का लोन देने का वादा किया। व्यापारी के मान जाने के बाद आरोपियों ने उन्हें पहले 15 लाख का भुगतान करने को कहा। व्यापारी ने उन्हें भुगतान कर दिया। आरोपियों ने उन्हें बताया कि 20 के भीतर उन्हें लोन मिल जाएगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। व्यापारी ने पुलिस में इसकी शिकायत की। पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की पहचान अजीत म्हात्रे, दीपक माली, सोनाली सूर्यवंशी, किशोर लोंडे, सुभाष डोंगरा, और जयजीत गुप्ता के तौर पर की गई है।

## कल्याण डोंबिवली नगरपालिका आयुक्त के कार्यालय में शख्स ने की अवैध रुप से प्रवेश, केस दर्ज

**डीबीडी संवाददाता | डोंबिवली**



कल्याण में कल्याण डोंबिवली नगरपालिका आयुक्त के कार्यालय में अवैध रूप से प्रवेश करने और वहां हंगामा करने के आरोप में एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। यह घटना 24 अक्तूबर की शाम साढ़े छह बजे की है। बाजारपेठ पुलिस स्टेशन में दिलीप रोकड़े के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। आरोपी नगर निगम आयुक्त इंदुरानी जाखड़ के कार्यालय केबिन में यह जानने के लिए दाखिल हुआ कि अधिकारियों ने उसकी शिकायत पर क्या कार्रवाई की है। उसने वहां धक्का-मुक्की की और अपने साथ ले गए कागजों को फेंक दिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है, लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है।


बदलापुर मामला

# जांच आयोग ने प्रभावित लोगों से बयान देने को कहा, अधिसूचना की जारी

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

बदलापुर मामले के आरोपी अक्षय शिंदे की पुलिस गोलीबारी में हुई मौत की जांच कर रहे आयोग ने इस घटना से जुड़े सभी लोगों से अपने बयान देने को कहा है। मामले की जांच कर रहे न्यायमूर्ति दिलीप भोसले जांच आयोग ने बयान आमंत्रित करने के लिए शनिवार को एक अधिसूचना जारी की। इसमें उन सभी लोगों से अपने बयान देने को कहा गया है जो इस घटना के बारे में व्यक्तिगत रूप से जानते हैं या इससे प्रभावित हुए हैं। अक्षय शिंदे पर ठाणे जिले के बदलापुर में एक स्कूल के टॉयलेट में चार और पांच साल की दो लड़कियों का यौन शोषण करने का आरोप लगा था। मामला सामने आने के बाद आरोपी को बाद में पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया था। इस मामले में नया मोड़ तब आया जब आरोपी पुलिस के साथ 23 सितंबर को हुई कथित मुठभेड़ में मारा गया।

### आयोग कर रहा घटना की जांच



बाद में इस मामले को लेकर महाराष्ट्र सरकार ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश (सेवानिवृत्त) दिलीप भोसले की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया। आयोग को 23 सितंबर को ठाणे में मुंब्रा बाईपास पर हुई मुठभेड़ की जांच करने का जिम्मा सौंपा गया है। इस जांच में यह भी पता लगाया जाएगा कि क्या किसी व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह या संगठन को इस घटना के लिए जिम्मेदार पाया गया है। जांच इस बात पर भी केंद्रित होगी कि हालात से निपटने के लिए पुलिस द्वारा की गई एंकाउटर की कार्रवाई उचित थी या नहीं।

### घटना से संबंधित व्यक्ति दें बयान

यह जांच आयोग इस घटना से जुड़े सभी पहलुओं और पूरे घटनाक्रम का विसतृत रूप से जांच करेगा। साथ ही ऐसी घटनाएं दोबारा न हों इसके लिए आयोग उन उपायों की शिफारिश भी करेगा जो ऐसे हालातों में पुलिस द्वारा उठाए जा सकते हैं। जांच आयोग द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है, 'जांच के अधीन मामले और 23 सितंबर 2024 को हुई घटना से पहले, उसके दौरान और उसके बाद में हुई अन्य घटनाओं से व्यक्तिगत रूप से परिचित, प्रभावित या संबंधित सभी व्यक्ति शपथ पत्र पर अपना बयान आयोग को प्रस्तुत करें।

### यह था पूरा मामला

24 साल के अक्षय शिंदे पर अगस्त माह में बदलापुर के एक स्कूल में दो नाबालिग लड़कियों के यौन उत्पीड़न का आरोप लगा था। वह स्कूल में सफाई कर्मचारी के तौर पर कार्यरत था। इस मामले में उसकी गिरफ्तारी के बाद जब पुलिस द्वारा उसे तलोजा जेल से बदलापुर ले जाया जा रहा था, तब मुठभेड़ में वह मारा गया। पुलिस ने बताया कि उसने एक पुलिसकर्मी की पिस्तौल छीन ली थी और गोली चला दी थी, जिसके बाद जवाबी फायरिंग में वह मारा गया। इस घटना में एक पुलिस कर्मी भी घायल हुआ था।

कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र

# धनंजय बोडरे और सुलभा गायकवाड के बीच होगा मुकाबला

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

ठाकरे गट ने कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र से धनंजय बोडारे को उम्मीदवार बनाने की घोषणा की है। वहीं, भाजपा ने सुलभा गायकवाड को अपना उम्मीदवार घोषित किया है, जिससे चुनावी मैदान में एक नई रोचकता आ गई है। बता दें कि इस बात पर काफी बहस चल रही थी कि ठाकरे समूह किसे उम्मीदवार बनाएगा, वहीं आखिरकार ठाकरे समूह ने सुलभा गायकवाड़ के खिलाफ धनंजय बोडरे को मैदान में उतर कर अफवाहों पर विराम लगा दिया है।

### गणपत गायकवाड़ का गोली प्रकरण



उल्हासनगर के हिललाइन पुलिस स्टेशन में मौजूदा विधायक गणपत गायकवाड़ द्वारा शिंदे गुट के पदाधिकारियों पर गोली चलाने के बाद से कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र सुर्खियों में है। इस घटना ने राजनीतिक स्थिति को और तनावपूर्ण बना दिया है, जिससे आगामी चुनावों में इस क्षेत्र के लिए चुनौती और प्रतिस्पर्धा बढ़ गई है। इस घटना के बाद सबकी नजर इस बात पर थी कि बीजेपी चुनाव में किसे मैदान में उतारेगी, ऐसे में शिंदे गुट के शहर प्रमुख महेश गायकवाड़ ने ऐलान किया था कि अगर गणपत गायकवाड़ के परिवार से किसी को उम्मीदवार बनाया गया तो वह निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ेंगे। इसलिए कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र में शिंदे गुट और बीजेपी के बीच दरार की तस्वीर साफ नजर आ रही है। इस बीच, भाजपा के शीर्ष नेताओं ने शिंदे गुट के विरोध में फूट डालते हुए गणपत गायकवाड़ की पत्नी सुलभा गायकवाड़ की उम्मीदवारी की घोषणा की है। जिसके बाद सुलभा गायकवाड़ ने कल्याण पूर्व से विशाल जन समूह के समर्थन के साथ रविंद्र चव्हान की उपस्थिति में अपना नामंकन पत्र भी भर दिया है। सूत्रों ने जानकारी दी है कि इसके बाद महेश गायकवाड, विशाल पावशे, नीलेश शिंदे निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं। इससे आने वाले समय मे कल्याण पूर्व विधानसभा क्षेत्र में चुनावी मुकाबला काफी कड़ा होगा।

# दिव्यांगों के खाते में प्रोत्साहन राशि जमा

## प्रहार संगठन के निवेदन पर उल्हासनगर मनपा का निर्णय

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**



उल्हासनगर महानगर पालिका ने दिव्यांगों के लिए दिवाली त्योहार की खुशी को दोगुना करने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। प्रहार संगठन के अनुरोध के बाद मनपा प्रशासन ने महज तीन दिन में दिव्यांग हितग्राहियों के बैंक खाते में प्रोत्साहन अनुदान जमा कर दिया है. उल्हासनगर मनपा के दिव्यांग कल्याण योजना विभाग द्वारा दिवाली से पहले शहर के सभी विकलांग लाभार्थियों को 2200/- रुपये प्रति माह का प्रोत्साहन अनुदान राशि (पेंशन) दिया गया है। इससे दिव्यांग में खुशी देखने को मिल रही है। 25 अक्टूबर 2024 को कुल 44 लाख 50 हजार 600रुपए का अनुदान लाभार्थियों के बैंक खातों में जमा कर दिया गया है।

### दिवाली से पहले अनुदान दिलाने का अनुरोध

प्रहार जन शक्ति संगठन के ठाणे जिला अध्यक्ष स्वप्निल पाटिल ने दिव्यांग भाइयों की आर्थिक स्थिति को देखते हुए दिवाली से पहले उनकी अनुदान दिलाने के लिए प्रशासन से विशेष अनुरोध किया था। दिव्यांग भाइयों को दिवाली उत्सव की तैयारी के लिए आर्थिक मदद मिले, इस मांग को ध्यान में रखते हुए मनपा आयुक्त विकास ढाकणे और अन्य अधिकारियों ने गंभीरता से लेते हुए तत्काल कदम उठाए.और मात्र तीन दिन में ही इसे लागू कर दिया गया।

## ऋण सहकारी समिति में 1.3 करोड़ का गबन, महिला क्लर्क के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज



**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

ठाणे में एक ऋण सहकारी समिति में करीब 1.3 करोड़ रुपये के गबन के मामले में महिला क्लर्क के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि लोकमाता सावित्रीबाई फुले महिला पथ संस्थान में तैनात महिला मुख्य क्लर्क ने 2016 और 2019 के बीच धन की हेराफेरी की। पुलिस ने महिला की पहचान उजागर नहीं की। पुलिस के मुताबिक महिला क्लर्क पर ऋण सहकारी समिति के रिकॉर्ड में हेरफेर करने, फर्जी प्रविष्टियां बनाने और फर्जी दस्तावेजों के साथ अपने और अपने रिश्तेदारों के नाम पर ऋण देने आरोप है।

# कोपरी पुलिस ने दिया वरिष्ठ नागरिकों को दीपावली उपहार

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**



कानून व्यवस्था देखते हुए पारंपरिक पर्व पर कोपरी पुलिस ने घर पर अकेले जीवनयापन व्यतीत करने वाले वरिष्ठ नागरिकों के लिए परिवार का हिस्सा बनते दिखाई दे रहे हैं। नजदीक दीपावली पर्व के निमित्त वरिष्ठ नागरिकों के घर पर जाकर मिठाई बांटी। आज के भाग दौड़ की परिस्थिति में मनुष्य अपने आप में ही व्यस्त है किसी को भी किसी के लिए कुछ पड़ा नही है। ऐसी ही परिस्थिति में घर में अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों का ध्यान रखने के लिए किसी भी मनुष्य का ध्यान नहीं है। ठाणे के पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे ने घर में अकेले रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों का विशेष रूप से ध्यान रखने के लिए निर्देश दिया है।जिसका पालन करते हुए कोपरी पुलिस थाने के अंतर्गत जिस किसी भी वरिष्ठ नागरिक के नजदीक के रिश्तेदार नही है उनके मदद के लिए कोपरी पुलिस तटस्थ है। महीने में एक से दो बार घर पर जाकर पूछताछ करते हैं और कोई समस्या है तो उसका निजात दिलाने के लिए सहयोग करते हैं। कोपरी पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निशिकांत विश्वकार,पुलिस निरीक्षक संजय नालावड़े,पुलिस उपनिरीक्षक रोहिणी नरसिंगे,सीताराम गावीत, मच्छिंद्र पिसाल उपस्थित थे। वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक निशिकांत विश्वकार ने बताया कि पुलिस थाने के अंतर्गत जितने भी वरिष्ठ नागरिक अकेले जीवन व्यतीत कर रहे हैं उनकी पूरी जानकारी हमारे पास उपलब्ध है। उनके लिए किसी भी तरह की आवश्यकता होती है तो उनके मदद के लिए पुलिस दौड़ते हुए जाती है। वह सुरक्षित है या नही इसकी जानकारी लेकर उसका भी समाधान किया जाता है।

## शिवसेना ठाकरे गुट से सचिन बसरे को मिली उम्मीदवारी

### कल्याण पश्चिम विधानसभा क्षेत्र



**दोपहर संवाददाता | कल्याण**

शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे पार्टी ने कल्याण पश्चिम से शहर प्रमुख सचिन बासरे की उम्मीदवारी की घोषणा की है। पार्टी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने कल बासरे को एबी फॉर्म भी दिया हैं। पुराने और वफादार शिवसैनिक को पार्टी द्वारा उम्मीदवार घोषित किए जाने पर शिवसैनिकों और पदाधिकारियों ने खुशी जाहिर की है। कल्याण पश्चिम से मौजूदा विधायक विश्वनाथ भोईर हैं, पार्टी विभाजन के बाद विधायक विश्वनाथ भोईर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के साथ सूरत से गुवाहाटी की यात्रा किए थे, लेकिन अभी भी विश्वनाथ भोईर की उम्मीदवारी की घोषणा नहीं की गई है।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## आध्यात्मिक उपचार



**निशांत के. शर्मा**
न्यूमरोलॉजर, एस्ट्रोलॉजर, औरा एक्सपर्ट एंड वास्तु कंसल्टंट
मो. : 9305793058

यदि आप आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं, तो मां भगवती लक्ष्मीजी के चित्र के सम्मुख प्रतिदिन प्रातः दीप प्रज्वलित करके इनका पूजन करें। प्रारंभिक पूजन करने के पश्चात् 108 बार निम्नलिखिति मंत्र का जाप 108 दिन तक करने से निर्धनता दूर होती है–

**ॐ ऐं ह्रीं श्रीं क्लीं ह्र सौः जगत्प्रसूत्यै नमः।।**

## अजित पवार की मुश्किलें बढ़ी

# नवाब मलिक की बगावत



### चुनाव लड़ने का दिया अल्टीमेटम

**मुंबई।** बीजेपी ने एनसीपी नेता नवाब मलिक की उम्मीदवारी का विरोध किया था। इस वजह से एनसीपी अजित पवार गुट ने पूर्व मंत्री नवाब मलिक को टिकट नहीं दिया है। एनसीपी अजित पवार गुट की ओर से नवाब मलिक को टिकट न देकर उनकी बेटी सना मलिक को अणुशक्ति नगर से टिकट दिया गया। लेकिन नवाब मलिक अब भी चुनाव लड़ने पर अड़े हुए हैं। उन्होंने ऐलान किया कि वह चुनाव जरूर लड़ेंगे। नवाब मलिक की बगावत से एनसीपी अजित पवार गुट की मुश्किलें बढ़ने के आसार हैं। टिकट नहीं मिलने पर नवाब मलिक ने बगावत का ऐलान कर दिया है। वह शिवाजीनगर-मानखुर्द विधानसभा सीट से निर्दलीय या एनसीपी से चुनाव लड़ने की इच्छा जता चुके हैं। इस बीच, एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल और छगन भुजबल ने शनिवार को उपमुख्यमंत्री अजित पवार के साथ नवाब मलिक से मुलाकात की।

### नवाब मलिक को मनाने की कोशिश हुई फेल

इस मौके पर जब छगन भुजबल से इस मुलाकात के बारे में पूछा गया तो वह हाथ जोड़ते नजर आए। इस दौरान अजित पवार, छगन भुजबल, प्रफुल्ल पटेल और नवाब मलिक के बीच बंद कमरे में चर्चा हुई। इस बैठक में एनसीपी के वरिष्ठ नेताओं ने नवाब मलिक से चुनाव न लड़ने का अनुरोध किया था, लेकिन फिर भी नवाब मलिक चुनाव लड़ने पर अड़े हुए हैं। इस मुलाकात के बाद नवाब मलिक की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। मैं चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध हूं, लड़ूंगा, लड़ूंगा और लड़ूंगा। मलिक ने कहा है कि वह 29 अक्टूबर को नामांकन फॉर्म भरेंगे। उन्होंने कहा कि वह मानखुर्द शिवाजी नगर से चुनाव लड़ेंगे। बता दें कि भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने नवाब मलिक पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। भ्रष्टाचार के आरोप के मद्देनजर नवाब मलिक को जेल भी जाना पड़ा था, लेकिन फिलहाल वह जमानत पर हैं और वह अजित पवार एनसीपी गुट के साथ हैं।

# बालासाहब थोराट की बेटी पर विवादित बयान

### संगमनेर में भिड़े महायुति और एमवीए के कार्यकर्ता



**मुंबई/शिरडी।** महाराष्ट्र विधान सभा चुनावों के बीच संगमनेर में सियासी बवंडर खड़ा हो गया है। महाराष्ट्र के शिरडी जिले की संगमनेर सीट पर कांग्रेस के दिग्गज नेता बालासाहब थोराट का कब्जा है। वह 10वीं बार जीत हासिल करने के लिए फिर से चुनाव मैदान में हैं, लेकिन इस सब के बीच अहमदनगर से बीजेपी के पूर्व सांसद डॉ. सुजय विखे पाटिल के समर्थक वसंत देशमुख द्वारा थोराट की बेटी जयश्री थोराट के ऊपर निचली कक्षा की विवादित टिप्पणी किए जाने मामला गरमा गया है। कांग्रेस ने इस मुद्दे पर बीजेपी नेता डॉ. सुजय विखे पाटिल को निशाने पर लिया है। देशमुख ने यह टिप्पणी पाटिल के ही एक कार्यक्रम के दौरान की थी। पुलिस ने मामले के तूल पकड़ने के बाद संज्ञान लिया है। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि है कि इस मामले में कार्रवाई की जाएगी।

### वाहनों में लगाई आग

संगमनेर में सुजय विखे पाटिल की सभा में बीजेपी कार्यकर्ता वसंत देशमुख द्वारा पूर्व मंत्री बालासाहेब थोराट की बेटी और कांग्रेस नेता बालासाहेब थोराट की बेटी जयश्री थोराट की आलोचना के बाद विवाद खड़ा हो गया है। इसके बाद संगमनेर में सुजय विखे पाटिल और थोराट के समर्थकों के बीच बड़ी लड़ाई हुई है। गाड़ियों में आग लगा दी गई। इस मामले के तूल पकड़ने के बाद व्यापक तोड़फोड़ हुई है। इस मामले में जयश्री थोराट के खिलाफ विवादित बयान देने वाले वसंत देशमुख के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस अधीक्षक राकेश ओला ने कहा है कि अगर इस मामले में आचार संहिता का उल्लंघन हुआ है तो उचित कार्रवाई की जाएगी। अहमदनगर लोकसभा सीट से शरद पवार की अगुवाई वाली एनसीपी के कैंडिडेट से सुजय पाटिल हार गए थे। तब नीलेश लंके जीते थे।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

# अनमोल बिश्नोई है केस का वांटेड आरोपी

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

एनसीपी के वरिष्ठ नेता बाबा सिद्दीकी हत्याकांड में बड़ा खुलासा हुआ है। इस मर्डर केस में मुंबई क्राइम ब्रांच ने अनमोल बिश्नोई को वांटेड आरोपी बताया है। मुंबई पुलिस ने जांच के दौरान 32 साल के सुजीत सिंह को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी सुजीत सिंह गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई से संपर्क में था। पुलिस अधिकारी के अनुसार, दोनों बातचीत करने के लिए अलग-अलग ऐप्स का इस्तेमाल करते थे। पुलिस को उन अलग-अलग एप्स पर बनाए गए कई फर्जी अकाउंट्स की भी जानकारी मिली है। मुंबई क्राइम ब्रांच को जांच के दौरान पता चला की सुजीत सिंह को बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश की पूरी जानकारी थी। वह गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल बिश्नोई के संपर्क में था। वह अन्य आरोपियों को पैसे देने और हथियार दिलवाने में शामिल था।



### लुधियाना जा छुपा था आरोपी

सुजीत कथित तौर पर घटना से एक महीने पहले मुंबई से फरार हो गया था और बाद में लुधियाना छिप गया था। यहां मुंबई और पंजाब पुलिस ने जॉइंट ओपेरेशन कर उसे गिरफ्तार किया। कोर्ट ने सुजीत को चार नवंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है।

### पहले से थी हत्या की साजिश की जानकारी

उन्होंने आगे बताया, सुजीत हत्या की साजिश में शामिल था और एक अन्य आरोपी नितिन गौतम सप्रे ने तीन दिन पहले ही बाबा सिद्दीकी की हत्या के षड्यंत्र के बारे में उसे जानकारी दे दी थी। उसने उसे साजो-सामान भी मुहैया कराया था। मामले की जांच के लिए आरोपी को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया है।

### मुंबई पुलिस को सौंपा

बता दें शनिवार (26 अक्टूबर) पंजाब पुलिस के महानिदेशक गौरव यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स के जरिए बताया कि पंजाब पुलिस और मुंबई पुलिस के संयुक्त अभियान में सुजीत सुशील सिंह को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी को मुंबई पुलिस को सौंप दिया गया है। गौरव यादव ने बताया, ₹मुंबई पुलिस ने पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान चलाकर बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में वांछित सुजीत सुशील सिंह को गिरफ्तार कर लिया है। वह मुंबई का रहने वाला है।

# पश्चिम रेलवे विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाएगी तीन फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए विशेष किराये पर तीन फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के जनसंपर्क विभाग ने एक प्रेस विज्ञप्ति कर यह जानकारी दी।

**मुंबई सेंट्रल - दिल्ली सुपरफास्ट स्पेशल**
ट्रेन संख्या 09003 मुंबई सेंट्रल-दिल्ली सुपरफास्ट स्पेशल हर मंगलवार और शुक्रवार को मुंबई सेंट्रल से 10.30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 08.45 बजे दिल्ली पहुंचेगी। यह ट्रेन 29 अक्टूबर, 2024 से 12 नवंबर, 2024 तक चलेगी।

इसी तरह, ट्रेन संख्या 09004 दिल्ली-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट स्पेशल हर बुधवार और शनिवार को दिल्ली से 11.45 बजे रवाना होगी और अगले दिन 12.00 बजे मुंबई सेंट्रल पहुंचेगी। यह ट्रेन 30 अक्टूबर 2024 से 13 नवंबर, 2024 तक चलेगी।

**उधना - महुवा स्पेशल**
ट्रेन संख्या 09017 उधना-महुवा स्पेशल बुधवार, 30 अक्टूबर, 2024 को उधना से 21.40 बजे रवाना होगी और अगले दिन 09.10 बजे महुवा पहुंचेगी। इसी तरह ट्रेन संख्या 09018 महुवा-उधना स्पेशल गुरुवार, 31 अक्टूबर, 2024 को महुवा से 13.15 बजे रवाना होगी और अगले दिन 04.00 बजे उधना पहुंचेगी।

**उधना- मऊ स्पेशल**
ट्रेन संख्या 05018 उधना- मऊ सुपरफास्ट स्पेशल हर रविवार को उधना से 15.00 बजे रवाना होगी और अगले दिन 21.00 बजे मऊ पहुंचेगी। यह ट्रेन 27 अक्टूबर, 2024 से 10 नवंबर, 2024 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 05017 मऊ - उधना स्पेशल हर शनिवार को मऊ से 05.30 बजे रवाना होगी और अगले दिन 12.30 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 26 अक्टूबर, 2024 से 9 नवंबर, 2024 तक चलेगी।

# दोस्त से दुश्मन बने बच्चू कडू पर बीजेपी का 'प्रहार'

### प्रदेश अध्यक्ष अनिल गावंडे ने छोड़ा पार्टी का साथ

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्ववाली बीजेपी नीत महायुति सरकार में शामिल बच्चू कडू पर बीजेपी ने जोरदार प्रहार किया है। लोकसभा चुनाव के समय बीजेपी विरोधी रुख अपनाने वाले प्रहार जनशक्ति पार्टी के प्रमुख बच्चू कडू, विधानसभा चुनाव से पहले महायुति से अलग हो गए। इस तरह दोस्त से दुश्मन बने कडू की पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अनिल गावंडे को बीजेपी ने तोड़ लिया है। शनिवार को बीजेपी के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले की उपस्थिति में कमल निशान वाला भगवा दुपट्टा धारण करके अनिल गावंडे भाजपाई बन गए। बावनकुले ने उनका अपनी पार्टी में स्वागत किया है। शिवसेना में हुई ऐतिहासिक बगावत के दौरान बच्चू कडू ने बागी गुट का साथ दिया था। कडू बाद में एकनाथ शिंदे के नेतृत्ववाली महायुति सरकार में भी शामिल थे लेकिन लोकसभा चुनाव में अमरावती से नवनीत राणा को बीजेपी की उम्मीदवारी का उन्होंने जोरदार विरोध किया था। कडू की प्रहार जनशक्ति पार्टी के उम्मीदवार के कारण नवनीत चुनाव हार गई थीं। अब बीजेपी ने बच्चू कडू के उस प्रहार का बदला लिया है।



### 'अकोला में पार्टी होगी मजबूत'

विधायक डॉ. संजय कुटे, भाजपा प्रदेश महामंत्री विधायक विक्रांत पाटिल, मीडिया विभाग प्रमुख नवनाथ बन आदि की उपस्थिति में हुए अनिल गावंडे के पार्टी प्रवेश समारोह के मौके पर बावनकुले ने विश्वास जताया कि गावंडे के आने से अकोला में पार्टी संगठन मजबूत होगा। बावनकुले ने कहा कि प्रहार के क्षेत्रीय अध्यक्ष गावंडे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली और राज्य में भाजपा के नेतृत्व, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर भरोसा जताते हुए भाजपा में शामिल हुए हैं।

### 'उचित सम्मान का दिलाया भरोसा'

गावंडे केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं एवं विकास कार्यों को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि विधायक कुटे के प्रयासों से गावंडे जैसे सक्षम नेता का भाजपा में प्रवेश हुआ है। पार्टी भविष्य में गावंडे के साथ खड़ी रहेगी और उन्हें उचित सम्मान देगी।

### 'किसानों को न्याय दिलाएंगे'

बीजेपी में शामिल होने के बाद अनिल गावंडे ने कहा कि हम किसानों को न्याय दिलाने के लिए भाजपा में शामिल हुए हैं। उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस किसानों और स्थानीय लोगों की समस्याओं को हल करने का वादा किया है। हमें उन पर पूरा विश्वास है। पार्टी जो भी जिम्मेदारी देगी उसे हम ईमानदारी से निभाएंगे।

# महायुति में आठ सीटों पर मंथन जारी : भाजपा



**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने शनिवार को कहा कि राज्य विधानसभा चुनावों के लिए महायुति के तीन घटक दलों के बीच सात से आठ सीटों पर बातचीत अब भी जारी है। उन्होंने बताया कि भाजपा रविवार को उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी करेगी। बावनकुले ने दावा किया कि महायुति गठबंधन एक परिवार की तरह चुनाव लड़ रहा है। साथ ही कहा कि रविवार को गठबंधन एक संयुक्त घोषणापत्र भी जारी करेगा। बावनकुले ने विपक्षी महा विकास आघाड़ी के कथित फॉर्मूले का मजाक उड़ाया, जिसमें तीनों सहयोगी 90-90 सीटों पर चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि हमने सुना है कि राहुल गांधी ने सीट बंटवारे की बातचीत को ठीक से न संभालने के कारण राज्य के नेताओं को निकाल दिया।

## मध्य रेल
मुंबई मंडल
**फर्निशिंग एवं निर्माण कार्य**
**ई-टेंडर नोटिस**

**अ.क्र.** - 1, **कार्य का विवरण** :- डिजल लोको शेड नेरल/सीआर के एनडीएम1 लोको के ड्राइवर केबिन की आंतरिक साज-सज्जा मात्रा 05 लोको, **अंदाजित लागत** : रु. 13,21,900/- **निविदा प्रपत्र का शुल्क** : निशुल्क, **ईएमडी** - रु. 26400/- **समापन अवधी** - अठारह माह, **अ.क्र.** - 2, **कार्य का विवरण** :- कांगड़ा घाटी रेलवे के ZDM3 लोकोमोटिव का ड्राइवर केबिन इंजन हुड और रेडिएटर हुड (अधिरचना) का निर्माण. मात्रा 03 लोको, **अंदाजित लागत** : रु. 34,43,556.48/- **निविदा प्रपत्र का शुल्क** : निशुल्क, **ईएमडी** - रु. 68,900/- **समापन अवधी** - आठ माह, दोनों ई-निविदा जमा करने की तिथी एवं अवधि दि. 22.11.2024 को 17:00 बजे तक है ई-निविदा की विस्तृत जानकारी रेल की अधिकारीक वेबसाइट : https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। **खुली निविदा संख्या : 1) पीआर-NDM1-DC-24-25-683, 2) पीआर-ZDM3-SS-24-25-684**

SUN 508 **मुख्य कारखाना प्रबंधक, परेल**

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें

## मध्य रेल
मुंबई मंडल
**विभिन्न विद्युत कार्य**
**खुली ई-निविदा सूचना क्र. 38/2024**
**दिनांक 24.10.2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई-निविदा वेबसाईट www.ireps.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का विवरण** - बेरल हाउस, जंजीरा, ग्रे-लैंड, रोशेरा, एल-ब्लॉक, आर-ब्लॉक और 5 कफ परेड बधवार पार्क कॉलोनी में भवनों के सुधार के लिए विद्युतीकरण कार्य करने हेतु। **(निविदा क्र. 38/2024 BB.LG.W.CSMT.2024.17)**, **कार्य की औसत लागत** - Rs. 22,15,040/-, **बोली प्रतिभूति** - Rs. 44,300/-, **वैधता** - 60 दिन, **समापन अवधि** - 06 महीने (समापन), **अनुदेश:** 1. उपर्युक्त निविदा कि बंद होने कि तिथि एवं समय 25.11.2024 को 13:00 बजे और उसी दिन 13:00 बजे बाद खोली जाएगी। 2. निविदाकर्ता से अनुरोध है कि निविदा के सम्पूर्ण विवरण एवं शुध्दीपत्र, यदि को ई हो तो, की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें। 3. निविदाकर्ता वेबसाइट www.ireps.gov.in के माध्यम से केवल ऑनलाइन निविदा में भाग ले सकते हैं एवं मेनुअल रुप से निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा। 4. आगे कि अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य सेवा) मध्य रेलवे, ऐक्स भवन, प्रथम तल, छ.शि.म.ट. मुंबई - 400001 से संपर्क कर सकते है। 5. यह निविदा, सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (सामान्य)**

SUN 513

टिकट के लिए UTS APP डाउनलोड करें

# अजित पवार की एनसीपी में जाने के लिए 2 विधायकों को करोड़ों रुपए की पेशकश

## कांग्रेस का गंभीर आरोप



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप जारी है। राज्य में कांग्रेस के प्रभारी रमेश चेन्निथला ने शनिवार को दावा क कि अजित पवार की एनसीपी में शामिल होने के लिए 2 विधायकों को करोड़ों रुपये की पेशकश की गई। चेन्निथला ने राष्ट्रीय राजधानी नई दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए ये आरोप लगाए। चेन्निथला ने शनिवार को कहा, 'हमें ऐसी रिपोर्टें मिली हैं कि 2 विधायकों को एनसीपी (अजित पवार गुट) में शामिल होने के लिए करोड़ों रुपये की पेशकश की गई। ऐसा करना दलबदल विरोधी कानून के तहत आता है। आखिर गृह विभाग के प्रभारी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे चुप क्यों हैं? सीएम की जिम्मेदारी बनती है कि लोगों को बताएं कि क्या हुआ है।' उन्होंने कहा कि रिश्वत देना और लेना आपराधिक गतिविधि है। इस मामले में ऐक्शन होना चाहिए। कांग्रेस नेता ने ये आरोप ऐसे समय लगाए हैं, जब 20 नवंबर को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव होने में कुछ ही हफ्ते बाकी हैं।

# कांग्रेस की दूसरी लिस्ट के बाद बढ़ी कलह

## मुंबई में नेताओं की सामने आई बगावत

**डीबीडी संवाददाता । मुंबई**

कांग्रेस ने 23 उम्मीदवारों की दूसरी सूची जारी कर दी। मुंबई की कांदिवली से जिला अध्यक्ष कालू बुधेलिया, सायन कोलीवाडा से गणेश यादव, चारकोप विधानसभा से यशवंत जयप्रकाश सिंह और वसई से विजय गोविंद पाटील के नाम का ऐलान किया है। पार्टी ने वरिष्ठ नेता सुनील केदार की पत्नी अनुजा को मैदान में उतारा है। केदार को नागपुर जिला केंद्रीय सहकारी बैंक (एनडीसीसीबी) घोटाले में दोषी ठहराए जाने के बाद छह साल के लिए चुनाव लड़ने से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। वह नागपुर जिले की सावनेर सीट से चुनाव लड़ेंगी। दूसरी ओर, उम्मीदवारों के ऐलान के साथ ही बगावत के विरोध उठने लगे हैं।



### राकेश शेट्टी की बगावत

कांग्रेस की दूसरी लिस्ट आने के बाद पार्टी में बगावत हो गई है। मुलुंड विधानसभा सीट को लेकर महाविकास आघाडी में कोई निर्णय नहीं लिया है। उससे पहले ही कांग्रेस के प्रवक्ता राकेश शेट्टी ने मुलुंड विधानसभा से चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। वे सोमवार को अपना नामांकन भरेंगे। राकेश शेट्टी ने कहा कि मुलुंड विधानसभा को हम लोग आसानी से बीजेपी को नहीं जीतने देंगे। हम लगातार मुलुंडकरों की सेवा करते आ रहे हैं। मुलुंड की जमीन को पीएपी के नाम पर गौतम अडानी से बचाना हमारा पहला धर्म है। हम मुलुंडकर के हित के लिए यह चुनाव निर्दलीय लड़ेंगे। मुलुंड की जनता हमें अपना आशीर्वाद रूपी वोट देकर निश्चित ही विजयी बनाएगी।

### वर्षा की बहन को टिकट का विरोध

धारावी विधानसभा से मुंबई कांग्रेस अध्यक्ष वर्षा गायकवाड को टिकट देने का विरोध हो रहा है। आने वाले दिनों में विरोध और भी बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। पूर्व विधायक जगन्नाथ शेट्टी के बेटे अमित शेट्टी ने वर्षा गायकवाड की आलोचना करते हुए कहा कि जो दो महीने पहले पार्टी की सदस्य नहीं थी उसे पार्टी में शामिल कर इसलिए टिकट दिया गया कि क्योंकि वह वर्षा की बहन है। इसके साथ पार्टी के लोग नहीं है। इसलिए चुनाव के बाद ऐसे अध्यक्ष का क्या किया जाए, इसका पार्टी हाईकमान निर्णय ले। शेट्टी ने आगे कहा कि हमारे पिताजी भी सायन कोलीवाडा से विधायक थे। यहां से भी उन्हें उम्मीदवारी दी गई है वह साढ़े चार साल से गायब रहा।

## संपादकीय

# ट्रूडो के मंसूबे

दशकों से कनाडा आप्रवासियों का दिल खोलकर स्वागत करता रहा है। कनाडा का आप्रवासन मंत्र रहा है कि जितने अधिक प्रवासी लोग आएंगे, उतना उसके लिए बेहतर रहेगा। कभी नवागंतुकों का खुली बांहों से स्वागत करने वाले कनाडा की सोच रही है कि दूसरे देशों से आने वाले प्रवासी खुद को स्थापित करने के लिये अधिक मेहनत करते हैं और नये देश के आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यहां तक कि कनाडा ने उन कट्टरपंथियों और चरमपंथियों का भी स्वागत किया, जो अपने मूल देशों में कानून की रेखाओं का अतिक्रमण करते रहे हैं। कनाडा सरकार खुद अपनी पीठ थपथपाती रही है कि वह अपने समकक्ष पश्चिमी देशों की तुलना में आप्रवासियों के लिये बेहतर स्थिति बनाने में अव्वल रही है। लेकिन समय के साथ-साथ स्थितियां विसंगतियों की शिकार हुई हैं। आप्रवासियों के लिये सदैव द्वार खुले रखने की कनाडा की नीतियों के चलते, वहां के मूल नागरिक मानते हैं कि इस उदार नीति का आवास, स्वास्थ्य देखभाल और सामाजिक सेवाओं पर लगातार दबाव बढ़ रहा है। जिसके चलते ट्रूडो सरकार पर न केवल विपक्ष बल्कि अपनी पार्टी का भी दबाव बढ़ रहा है। आज उनकी पार्टी में ट्रूडो का इस्तीफा मांगने वालों की संख्या भी कम नहीं है। इस दबाव का ही प्रभाव है कि ट्रूडो सरकार स्वीकार कर रही है कि उनकी सरकार श्रम जरूरतों को संबोधित करने और जनसंख्या वृद्धि को बनाए रखने के बीच सही संतुलन बनाने में विफल ही रही है। सरकार मानने लगी है कि आप्रवासन टिकाऊ होना चाहिए। दरअसल, कनाडा में लिबरल सरकार की लोकप्रियता में लगातार कमी आई है। जिसकी चिंता में कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो आम चुनावों से एक साल पहले ही हाथ-पैर मार रहे हैं। ट्रूडो की सोच है कि कुछ सख्त कदम उठाकर वे अपने मतदाताओं को आकर्षित कर सकते हैं। यहां तक कि उन्होंने अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये अपने पुराने मित्र व बड़े लोकतांत्रिक देश भारत से संबंध खराब करने से भी गुरेज नहीं किया। दरअसल, जस्टिन ट्रूडो के मुगालते कम नहीं हुए हैं। अपनी अल्पमत सरकार को बचाने के लिये उन्होंने भारत का मुखर विरोध करने वाले जिन सांसदों का समर्थन लिया, उनके एजेंडे को पूरा करने में ट्रूडो सारी सीमाएं लांघ रहे हैं। राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं के चलते ट्रूडो मानकर चल रहे हैं कि वे अपने चौथे कार्यकाल के लिये चुनाव मैदान में उतर सकते हैं। लेकिन पार्टी में चल रहे विरोध के चलते आशंका है कि उनका हश्र भी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन जैसा न हो, जिनको डेमोक्रेट्स के भारी दबाव के बाद राष्ट्रपति पद की फिर से दावेदारी छोड़नी पड़ी। लेकिन ट्रूडो की राजनीतिक महत्वाकांक्षा इतनी प्रबल रही कि वे अपरिपक्वता के चलते अपने पुराने सहयोगी नई दिल्ली के साथ संबंध बिगाड़ने से भी नहीं चूके। इसी कड़ी में वे कोशिश कर रहे हैं कि भारत से आने वाले प्रवासियों की संख्या को कम कर सकें। इसमें दो राय नहीं है कि कनाडा में स्थायी निवास की अनुमति की प्रक्रिया में जो बदलाव की मंशा ट्रूडो सरकार जता रही है, उसका सबसे ज्यादा असर भारतीय प्रवासियों पर पड़ेगा। हालांकि, उम्मीद के अनुरूप कुछ देशों से ही उन्हें नई नीति को लेकर समर्थन मिला है। अमेरिका में राष्ट्रपति पद के दावेदार डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि अब जस्टिन ट्रूडो कनाडा की सीमाओं को बंद करना चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि ट्रंप अमेरिका में सीमाओं को लेकर सख्त कदम उठाने की बात करते रहे हैं। यहां तक कि अमेरिका की मैक्सिको सीमा पर दीवार बनाना उनका मुख्य एजेंडा रहा है। लेकिन कनाडा के मामले में उसकी सबसे बड़ी मजबूरी यह है कि उसकी अर्थव्यवस्था आप्रवासियों पर पूरी तरह निर्भर है। इन आप्रवासियों ने कनाडा की आर्थिकी को मजबूत बनाने में बड़ी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी है। यह निर्भरता तब और बढ़ जाती है जब कनाडा की आबादी चिंताजनक रूप से बूढ़ी हो रही है। ट्रूडो सरकार की नई नीतियों के चलते उसे श्रमिकों की कमी से निपटना बड़ी चुनौती होगी। दरअसल, ट्रूडो सरकार जिसने साल 1914 की कोमागाटा मारू की घटना के लिये साल 2016 में माफी मांगकर प्रवासी भारतीयों को लुभाया था, अब उसने उस नीति से यू टर्न ले लिया है।

## शख्सियत | अनुराधा पौडवाल

# प्रतिभाशाली भारतीय पार्श्व गायिका



अनुराधा पौडवाल भारत की एक प्रसिद्ध पार्श्व गायिका हैं, जो अपनी मधुर आवाज़ और भावपूर्ण गायन शैली के लिए प्रसिद्ध हैं। उनका जन्म 27 अक्टूबर, 1952 को मुंबई, महाराष्ट्र में हुआ था। संगीत में अनुराधा की यात्रा कम उम्र में ही शुरू हो गई थी, क्योंकि उनका परिवार संगीत से गहराई से जुड़ा हुआ था। उनके पिता, जो एक प्रसिद्ध संगीतकार थे, ने उन्हें गायन के प्रति अपने जुनून को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया।

अनुराधा ने 1970 के दशक के अंत में अपना करियर शुरू किया। उन्होंने 1980 और 1990 के दशक में कई हिंदी फिल्मों में गाकर लोकप्रियता हासिल की। वह बॉलीवुड में अपने काम के लिए जानी जाती हैं, जहाँ उन्होंने कई हिट गानों को अपनी आवाज़ दी है। उनके कुछ सबसे प्रसिद्ध गीतों में तुम ही हो, मेरे दर्द को समझ और आप जैसा कोई शामिल हैं। अनुराधा के गाने हर उम्र के लोगों को पसंद आते हैं क्योंकि वे दिल को छू जाते हैं और गहरी भावनाओं को व्यक्त करते हैं।

अनुराधा ने नदीम-श्रवण, अनु मलिक और जतिन-ललित सहित कई प्रसिद्ध संगीत निर्देशकों के साथ काम किया है। उन्होंने मराठी, बंगाली और कन्नड़ सहित कई क्षेत्रीय भाषाओं में भी गायन किया है, जो एक गायिका के रूप में उनकी बहुमुखी प्रतिभा को दर्शाता है। विभिन्न प्रकार के संगीत के लिए अपनी गायन शैली को अनुकूलित करने की उनकी क्षमता ने उन्हें भारतीय संगीत उद्योग में एक विशेष स्थान दिलाया है। अपने करियर के दौरान, अनुराधा को संगीत में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए कई पुरस्कार मिले हैं। उन्होंने सर्वश्रेष्ठ महिला पार्श्व गायिका सहित कई फिल्मफेयर पुरस्कार जीते हैं, और उन्हें प्रतिष्ठित राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। अपने पार्श्व गायन के अलावा, अनुराधा पौडवाल अपने भक्ति गीतों के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने कई भजन और धार्मिक गीत गाए हैं, जिन्होंने लाखों लोगों के दिलों को छुआ है। अनुराधा सामाजिक कारणों से भी सक्रिय रूप से जुड़ी रही हैं, उन्होंने अपने संगीत का उपयोग विभिन्न मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए किया है। अनुराधा पौडवाल भारतीय संगीत परिदृश्य में एक प्रमुख हस्ती बनी हुई हैं। उनके सदाबहार गाने और दमदार आवाज़ आज भी प्रशंसकों के बीच लोकप्रिय हैं। आज भी, वह संगीत समारोहों और कार्यक्रमों में प्रस्तुति देती हैं और अपनी अद्भुत प्रतिभा से दर्शकों का दिल जीत लेती हैं।

# खामोशी से सुधरे भारत-अरब देशों के रिश्ते



जी. पार्थसारथी

भारत के प्रमुख अरब देशों के साथ संबंध हमेशा से मजबूत रहे हैं। पिछले दशक में, और भी प्रगाढ़ और बहुआयामी हो गए हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम और अन्य पश्चिमी देशों के साथ भारत के व्यापारिक और आर्थिक संबंधों पर काफी ध्यान दिया जाता है। इसमें कुछ भी गलत नहीं है। लेकिन जिस ओर उतना ध्यान नहीं दिया जाता, पर दिया जाना चाहिए, वह है खाड़ी क्षेत्र के देशों के साथ भारत के बढ़ते रिश्ते। भारत के पास पहले से ही 'पड़ोसी पहले' नीति है, लेकिन 'पड़ोसी' मुल्क की परिभाषा क्या हो, इस पर अभी भी अनिश्चितता और यहां तक कि विवाद भी है। कुछ लोग अक्सर इसकी विवेचना खैबर दर्रा और बंगाल की खाड़ी के बीच के क्षेत्र के रूप में करके संतुष्ट हो जाते हैं! अब समय आ गया है कि अरब सागर और फारस की खाड़ी के पार छह अरब देशों- संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), सऊदी अरब, ओमान, कुवैत, कतर और बहरीन- को भारत के विस्तृत पड़ोस के हिस्से के रूप में शामिल किया जाए। यह छहों अरब देश खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के माध्यम से राजनीतिक, कूटनीतिक, आर्थिक और रणनीतिक रूप से एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। यह 1981 में गठित जीसीसी क्षेत्रीय निकाय है, जिसका मकसद अपने छह सदस्य देशों के बीच आर्थिक, राजनीतिक और सैन्य सहयोग को बढ़ावा देना है।

जीजीसी मुल्कों के साथ भारत के मजबूत संबंध सदियों से रहे हैं जिनका स्वरूप भौगोलिक निकटता, ऐतिहासिक व्यापार संबंध, ऊर्जा सुरक्षा और एक बड़े भारतीय प्रवासी समुदाय की उपस्थिति से बनता है। लगभग 89 लाख से अधिक भारतीय जीसीसी देशों में रहते और काम करते हैं, जो इसको इस इलाके में सबसे बड़े प्रवासी समूहों में एक बनाता है। सबसे अधिक संख्या में भारतीय नागरिक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रहते हैं, जिनकी कुल संख्या 35 लाख है। सऊदी अरब में 26 लाख और कुवैत 11 लाख से अधिक भारतीय नागरिकों के साथ तीसरे स्थान पर है। अन्य जीसीसी देशों में ओमान (7,79,000), कतर (7,45,000) और बहरीन (3,23,000) शामिल हैं। यह विशाल और संपन्न प्रवासी आबादी भारत के लिए विदेशी मुद्रा पाने का एक प्रमुख स्रोत है। वित्त वर्ष 2023-24 में, भारत को कुल मिलाकर 123 बिलियन डॉलर मुद्रा प्राप्त हुई थी, जिसमें खाड़ी के अरब देशों का हिस्सा काफी बड़ा रहा। विशेष रूप से, अकेले यूएई से भारत को सकल विदेशी मुद्रा का 18 फीसदी प्राप्त हुआ, जिससे यह देश संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद विदेशी मुद्रा पाने का दूसरा सबसे बड़ा स्रोत बना। भारत की कच्चे तेल और प्राकृतिक गैस की ज़रूरतों का बहुत बड़ा अंश खाड़ी मुल्कों से आता है, जीसीसी भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक है (यहां तक कि यूरोपीय संघ से भी बड़ा) और हमारी ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। छह अरब खाड़ी देशों के भारी महत्व को देखते हुए, भारत को आने वाले वर्षों में जीसीसी के सभी सदस्यों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को आगे बढ़ाना होगा, जिसमें यूएई और सऊदी अरब पर विशेष ध्यान दिया जाए। अरब की खाड़ी के देशों का सदियों से भारत के पश्चिमी तटों पर स्थित बंदरगाह, विशेष रूप से केरल के साथ, दोतरफा व्यापार संबंध रहा है। संयोगवश, अब भी संकेत मिल रहे हैं कि यूएई और सऊदी अरब बड़ी संख्या में भारतीय कामगारों के वास्ते नई आवास सुविधाओं की व्यवस्था करने की प्रक्रिया में हैं, जिनके वहां काम करने के लिए पंहुचने की आशा है। जीजीसी मुल्कों के साथ भारत संयुक्त अभ्यास और सुरक्षा वार्ता के माध्यम से भी अपने सैन्य संबंध बढ़ा रहा है। वैसे, खाड़ी देशों की प्रवृत्ति पश्चिमी शक्तियों पर भरोसा करने की रही है। उल्लेखनीय है, कतर और फारस की खाड़ी क्षेत्र के अन्य अरबी देशों ने अमेरिकी सेना को भूमि और अन्य सुविधाएं प्रदान कर रखी हैं। बहरीन के मनामा में अमेरिका के पांचवें बेड़े का केंद्रीय कमान मुख्यालय है, साथ ही रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना भी समुद्री सुरक्षा प्रदान कर रही है। लाल सागर में समुद्री जहाज़ों पर हुत्थी लड़ाकों द्वारा बढ़ते हमलों के बाद, भारतीय नौसेना ने अरब सागर और लाल सागर के पूर्वी इलाकों में कम से कम एक दर्जन युद्धपोत तैनात किए हैं, जो इस क्षेत्र में उसकी सबसे बड़ी तैनाती है। इसके अलावा, भारत ने अब दो परमाणु पनडुब्बियां (आईएनएस अरिहंत और आईएनएस अरिघात) का निर्माण और कमीशन भी किया है, जिन्हें ज़रूरत पड़ने और अनुरोध करने पर इस क्षेत्र में मित्र देशों की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए तैनात किया जा सकता है।

प्रधानमंत्री की खाड़ी देशों के प्रति पहल को इस संस्थागत तंत्र की स्थापना से और बल मिला है। रणनीतिक वार्ता के लिए पहली भारत-जीसीसी संयुक्त मंत्रिस्तरीय बैठक सितंबर की शुरुआत में हुई थी। वर्ष 2024-2028 के लिए एक संयुक्त कार्य योजना अपनाई गई, जिसमें व्यापार और निवेश, ऊर्जा, स्वास्थ्य, परिवहन, स्वास्थ्य, कृषि और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया। बैठक में रक्षा सहयोग और आतंकवाद विरोधी प्रयासों के महत्व पर भी प्रकाश डाला गया। जटिल भू-राजनीतिक परिदृश्य और यूक्रेन और गाज़ा में बिगड़ते संघर्षों के अलावा ईरान और इस्राइल से जुड़े तनावों से उत्पन्न चुनौतियों को देखते हुए, क्षेत्रीय स्थिरता और सुरक्षा बनाए रखने में सबके हित साझा हैं। स्पष्टतः, खाड़ी सहयोग परिषद के देशों के साथ हमारे बहुआयामी संबंध पहले से ही हैं और आगे भी बने रहेंगे, वे वैश्विक क्षेत्र में भारत की बढ़ती आर्थिक और राजनीतिक शक्ति का अभिन्न अंग हैं।

## जीवन मंत्र | आचार्य चाणक्य

# 4 आदतों की वजह से हमेशा पीछे रह जाते हैं लोग

जो व्यक्ति सकारात्मक सोच रखता है, उसके जीवन में भी पॉजिटिविटी ही रहती है। लेकिन जिस व्यक्ति की सोच नकारात्मक होती है, उसे अपने जीवन में भी नकारात्मकता का ही सामना करना पड़ता है।

आचार्य चाणक्य ने अपनी नीतियों में व्यक्ति की कुछ ऐसी आदतों का भी जिक्र किया है, जो उन्हें जीवन के हर क्षेत्र में पीछे की ओर ले जाती है। अपनी इन्हीं आदतों के कारण लोग जीवन में हर काम में पीछे रह जाते हैं।

भारत के इतिहास में एक से बढ़कर एक ज्ञानी पुरुष हुए इन्हीं में से एक थे आचार्य चाणक्य, जिनकी नीतियां इतनी प्रसिद्ध हैं कि आज भी लोग अपने जीवन को सुंदर और सरल बनाने के लिए इनका पालन करते हैं। जीवन का ऐसा कोई भी पहलू नहीं है जिसके बारे में आचार्य चाणक्य ने अपनी नीतियों में जिक्र ना किया हो। युद्ध के मैदान से लेकर गृहस्थ जीवन की बारीकियों को समझाने के लिए, आचार्य ने कई नीतियां गढ़ीं। अपनी इन्हीं नीतियों में उन्होंने कुछ ऐसी आदतों का भी जिक्र किया है, जो किसी भी व्यक्ति की तरक्की में बाधा बन सकती है।

**मन पर नियंत्रण ना रख पाना**

जिस व्यक्ति का अपने मन पर कंट्रोल नहीं होता है, उसे जीवन में कभी भी सफलता नहीं मिल सकती। आचार्य चाणक्य की नीति में इससे जुड़ा एक श्लोक भी है - अनवस्थित यस्य न जने न वने सुखम्, जनो दहति संसर्गात् वनं संगविवर्जनात। जिसका मतलब है कि जिसका



मन अशांत है उसे कहीं भी सुख नहीं मिलता, ऐसे में वो दर बदर भटकता ही रहता है। चाणक्य नीति के अनुसार जो व्यक्ति अपने मन पर नियंत्रण नहीं कर पाता है, उसका किसी भी कार्य में मन नहीं लगता है। ऐसे में सफलता उससे कोसों दूर भागती है।

**नकारात्मक सोच**

किसी भी व्यक्ति की सोच का प्रभाव उसके कार्य और जीवन पर भी पड़ता है। जो व्यक्ति सकारात्मक सोच रखता है, उसके जीवन में भी पॉजिटिविटी ही रहती है। लेकिन जिस व्यक्ति की सोच नकारात्मक होती है, उसे अपने जीवन में भी नकारात्मकता का ही सामना करना पड़ता है।

**हमेशा पास्ट में अटके रहना**

जीवन में सफल होने के लिए बीती बातों को भुलाकर आगे बढ़ना बहुत जरूरी है। जो लोग अपने पास्ट में ही अटके रहकर खुद को कोसते रहते हैं, वो जीवन में कभी भी आगे नहीं बढ़ पाते। आचार्य चाणक्य के अनुसार बीती बातों या असफलताओं से सबक लेकर, जीवन में आगे बढ़ना चाहिए और नए सिरे से नई शुरुआत करनी चाहिए।

**आत्मविश्वास की कमी**

जीवन में सफलता तभी मिलेगी, जब आपको खुद पर यकीन होगा। जिस व्यक्ति को खुद पर ही विश्वास नहीं होगा, वो जीवन में कभी भी सफल नहीं हो सकता।

ये कहना गलत नहीं होगा कि सफल होने के लिए आत्मविश्वास का होना जरूरी है। आचार्य चाणक्य के अनुसार जिस व्यक्ति में आत्मविश्वास की कमी होती है, उसे सफलता तो दूर समाज में मान-सम्मान भी नहीं मिलता है।

## जीवन ऊर्जा | थियोडोर रूजवेल्ट : जन्म- 27 अक्टूबर, 1858 | जन्म

थियोडोर रूजवेल्ट संयुक्त राज्य अमेरिका के 26वें राष्ट्रपति थे, जो अपनी प्रगतिशील नीतियों, संरक्षण प्रयासों और मजबूत नेतृत्व के लिए जाने जाते थे। एक सैनिक, प्रकृतिवादी और लेखक, उन्होंने सामाजिक सुधारों, ट्रस्ट-बस्टिंग और पनामा नहर का समर्थन किया। रूजवेल्ट की विरासत में आधुनिक अमेरिकी राजनीति और पर्यावरण संरक्षण को आकार देने में उनकी भूमिका शामिल है। थियोडोर रूजवेल्ट का जन्म 27 अक्टूबर, 1858 को हुआ था और उनका निधन 6 जनवरी, 1919 को हुआ था।

# विश्वास करो कि तुम कर सकते हो और तुम आधे रास्ते पर हो

विश्वास करो कि तुम कर सकते हो और तुम आधे रास्ते पर हो। असफल होना कठिन है, लेकिन कभी सफल होने की कोशिश न करना इससे भी बदतर है। तुम जो कर सकते हो, जो तुम्हारे पास है, जहाँ तुम हो, वहीं करो। एकमात्र व्यक्ति जो कभी गलती नहीं करता, वह वह व्यक्ति है जो कभी कुछ नहीं करता। अपनी आँखें सितारों पर और अपने पैर ज़मीन पर रखो। इसका श्रेय उस व्यक्ति को जाता है जो वास्तव में मैदान में है। निर्णय के किसी भी क्षण में, सबसे अच्छी चीज़ जो आप कर सकते हैं वह सही चीज़ है। साहस आगे बढ़ने की ताकत नहीं है; यह तब जारी रहना है जब आपके पास ताकत नहीं है। मैं केवल एक हूँ, लेकिन फिर भी मैं एक हूँ। मैं सब कुछ नहीं कर सकता, लेकिन फिर भी मैं



कुछ कर सकता हूँ। लोग नेता और बॉस के बीच अंतर पूछते हैं। नेता नेतृत्व करता है, और बॉस गाड़ी चलाता है। महान चीजों का साहस करना, शानदार जीत हासिल करना, भले ही असफलताओं से भरा हो, कहीं बेहतर है। अपने भविष्य की भविष्यवाणी करने का सबसे अच्छा तरीका इसे बनाना है। धीरे बोलो और एक बड़ी छड़ी लेकर चलो; तुम बहुत आगे जाओगे। एक आदमी जो देश के लिए अपना खून बहाने के लिए काफी अच्छा है, वह बाद में एक अच्छा सौदा पाने के लिए भी काफी अच्छा है। एक ऐसे व्यक्ति की सफलता की कोई सीमा नहीं है जो असफलता से नहीं डरता। सफलता के सूत्र में सबसे महत्वपूर्ण एकल घटक यह जानना है कि लोगों के साथ कैसे मिलना है। जो आप कर सकते हैं, जो आपके पास है, जहाँ आप हैं, उसके साथ करें। हमें केवल डर से ही डरना चाहिए। जीवन एक महान साहसिक कार्य है, और साहसी और बहादुर होना बेहतर है। आप किसी व्यक्ति को तब तक नायक नहीं बना सकते जब तक आप उसका डर दूर नहीं कर देते।


## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# महापुरुषों की दृष्टि पड़ते ही क्षण भर में जीवन सुंदर हो सकता है

**एक घड़ी आधी घड़ी**
**आधी में बुनिआद,**
**तुलसी संगत साधु की हर कोटि**
**अपराध।**

दक्षिण में एक भक्त हुए उनका नाम धनुदास था। प्रारम्भ में वे हेमाम्बा नाम की वेश्या के रूप पर मुग्ध थे। भगवान में भक्ति बिल्कुल नहीं थी। शरीर हट्टाकट्टा था। उनका लोग उन्हें पहलवान कहते थे। दिन बीत रहे थे। वृंदावन रंगजी के मंदिर में प्रतिवर्ष उत्सव हुआ करता था और वैष्णवचार्य श्री रामानुज जी महाराज मंदिर में आया करते थे। लाखों की भीड़ होती थी। पहलवान और वेश्या के मन में भी उत्सव देखने की इच्छा हुई। कीर्तन में लोग मस्त थे। भगवान की सवारी सजाई गई। हजारों व्यक्ति आंनद में पागल होकर नाच रहे थे। पर पहलवान जी उस वेश्या के मुख की शोभा निहारने में मग्न थे। तभी श्री रामानुजाचार्यजी की दृष्टि उन पर पड़ गई भाग्य खुल गया। श्री रामानुजाचार्यजी बोले यह कौन है? उनको दया आ गई। लोगों में यह बात प्रसिद्ध थी ही सबने सारा हाल सुनाया।



श्री रामानुजाचार्य जी ने पूछा-भैया लाखों व्यक्ति भगवान के आंनद में डूब रहे है, पर तुम्हारी दृष्टि भटक रही है। ऐसा क्यों?

पहलवान ने बोला- महाराज जी मुझे सुंदरता प्रिय इस जैसी सुंदरता मैंने कहीं और नहीं देखी। इसीलिए मेरा मन दिनरात उसी में फंसा रहता है।

आचार्य जी बोले-यदि इससे भी सुंदर छवि तुम्हें दिखने को मिले तो इसे छोड़ दोगे।

पहलवान बोला-महाराज जी इससे भी अधिक सुंदर कोई छवि है। यह मेरी समझ में नहीं आता। आचार्य जी बोले- अच्छा संध्या को मंदिर की आरती समाप्त होने के बाद आ जाना केवल मैं रहूंगा। पहलवान भी जी, अच्छा कहकर चले गए।

श्री रामानुजाचार्य जी मंदिर में गए और भगवान से प्रार्थना की। प्रभु आज एक अधम का उद्घार करो। एक बार के लिए उसे अपने त्रिभुवन मोहन रूप की एक हल्की सी झांकी तो दिखा दो।

प्रभु अपने भक्त को कभी निराश नहीं करते। संध्या के समय जब पहलवान आए, तब श्री रामानुजाचार्य जी पकड़कर भीतर ले गए और श्री विग्रह की ओर दिखा कर बोले- देखो ऐसा सौंदर्य तुमने कभी देखा है।

पहलवान ने दृष्टि डाली एक क्षण के लिए जन साधारण की दृष्टि में दिखने वाली मूर्ति मूर्ति न रही स्वयं भगवान ही प्रकट हो गए और पहलवान उस अलौकिक सुंदरता को देखते ही बेहोश हो गया।

बहुत देर के बाद होश आया। होश आने पर श्री रामानुजाचार्य जी के चरण पकड़ लिए और बोलाप्रभु अब वह रूप निरंतर देखता रहूं, ऐसी कृपा कीजिए। फिर श्री रामानुजाचार्य जी ने उन्हें मंत्र दीक्षा दी। आगे चलकर वह उनके बहुत प्यारे शिष्य था। एक पहुंचे हुए महात्मा हुए तुलसीदास जी ने सच ही कहा है- 'बिनु हरिकृपा मिलहिं नहिं संता। गुरूवर लक्ष्मी नारायण जी महाराज की जय।

**तबहि होई सब संशय भंगा।**
**जब बहु काल करीय सतसंगा ।।**



**पंडित कैलाशचंद्र शर्मा**
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

# क्रोध और नियंत्रण

एक समय की बात है एक राजा घने जंगल में भटक गया। कई घंटों के बाद वह प्यास से व्याकुल होने लगा। तभी उसकी नजर एक वृक्ष पर पड़ी जहां एक डाली से टप-टप करती पानी की छोटी-छोटी बूंदें गिर रही थीं। राजा ने पत्तों का दोना बनाकर पानी इकट्ठा किया, राजा जैसे ही पानी पीने लगा एक तोता आया और झपट्टा मार दोनों को गिरा दिया। राजा ने सोचा पंछी को प्यास लगी होगी, इसलिए वह भी पानी पीना चाहता था, लेकिन गलती से उसने झपट्टा मारकर पानी को गिरा



दिया। यह सोचकर राजा फिर से खाली दोने को भरने लगा, काफी देर के बाद वह दोना फिर भर गया। राजा ने हर्षचित्त होकर जैसे ही दोने को उठाया, तो तोते ने वापस उसे गिरा दिया। राजा को बहुत तेज गुस्सा आया और उसने चाबुक उठाकर तोते पर वार किया और उसके प्राण निकल गए। राजा ने सोचा अब मैं शांति से पानी इकट्ठा कर अपनी प्यास बुझा पाऊंगा। यह सोचकर वह डाली के वापस पानी इकट्ठा होने वाली जगह पहुंचा, तो उसके पांव के नीचे की जमीन खिसक गई। उस डाली पर एक जहरीला सांप सोया हुआ था और उस सांप के मुंह से लार टपक रही थी राजा जिसको पानी समझ रहा था वह सांप की जहरीली लार थी। राजा का मन ग्लानि से भर गया। उसने कहा काश मैंने संतों के बताए उत्तम क्षमा मार्ग को धारण कर क्रोध पर नियंत्रण किया होता तो। मेरे हितैषी निर्दोष पक्षी की जान नहीं जाती।

शिक्षाः- जल्दबाजी और बिना सोचे-विचारे किया काम हमेशा परेशानी और पश्चाताप का कारण बनता है।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडस्ट्रियल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

न्यूज ब्रीफ

## पाकिस्तान में आत्मघाती विस्फोट



पेशावर। पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शनिवार को एक पुलिस चौकी को निशाना बनाकर आत्मघाती हमला किया गया। इस हमले में छह कानून प्रवर्तन कर्मियों सहित कम से कम आठ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। सूत्रों के अनुसार, हताहतों की संख्या बढ़ सकती है। सूत्रों के अनुसार, यह विस्फोट अफगानिस्तान की सीमा से लगे उत्तरी वजीरिस्तान कबायली जिले के मीर अली तहसील में असलम चेक पोस्ट पर हुआ। तीन पहिया वाहनों पर सवार होकर आए हमलावरों ने चेक पोस्ट और सुरक्षा बलों के वाहनों को टक्कर मारी। इस घटना में चार पुलिसकर्मियों, दो सैनिकों और दो नागरिकों सहित आठ लोगों की मौत हो गई।

## दो विमानों की टक्कर तीन लोगों की मौत

**सिडनी।** सिडनी के दक्षिण-पश्चिम में शनिवार को दो हल्के विमान बीच हवा में टकराकर वन क्षेत्र में गिर गए। इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई। 'न्यू साउथ वेल्स पुलिस के कार्यवाहक अधीक्षक टिमोथी कैलमैन ने घटना की पुष्टि की। उन्होंने बताया कि हादसे की सूचना पर ऑस्ट्रेलियाई पुलिस, अग्निशमन और एम्बुलेंस दल सिडनी से लगभग 55 मील दक्षिण-पश्चिम में स्थित अर्ध-ग्रामीण क्षेत्र में दो मलबा स्थलों पर पहुंचे। टक्कर होने के बाद एक विमान में आग लग गई। दो लोगों को ले जा रहा सेसना 182 विमान एक अत्यंत हल्के विमान से टकरा गया जिसमें एक व्यक्ति सवार था।

## महबूबा मुफ्ती ने PDP का स्ट्रक्चर किया भंग

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (JKPDP) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने तत्काल प्रभाव से पार्टी के पूरे ढांचे को भंग करने की घोषणा की है। उनका कहना है कि सीनियर नेताओं से चर्चा के बाद नए पदाधिकारियों के साथ-साथ पार्टी की विंग और निकाय बनाए जाएंगे। जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 42 सीटें जीतीं थीं, जबकि भारतीय जनता पार्टी ने 29, कांग्रेस ने 6 और PDP ने 3 सीटें जीतीं।

## मंदिर से लौट रही महिला से गैंगरेप, 3 अरेस्ट

**नयागढ़।** ओडिशा के नयागढ़ जिले में 21 साल की महिला के साथ गैंगरेप के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। घटना 20 अक्टूबर की शाम को हुई, जब महिला अपने मंगेतर के साथ फतेहगढ़ राम मंदिर से लौट रही थी। कुछ लोगों ने उन्हें पिथाखाई जंगल के पास रोका। महिला के साथ गैंगरेप किया और वीडियो रिकॉर्ड करके सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया था।

# बांग्लादेश में हिंदुओं का प्रदर्शन

- चटगांव में निकाली विशाल रैली
- अल्पसंख्यकों की सुरक्षा के लिए कानून समेत 8 मांगें रखी

**चटगांव।** बांग्लादेश में हिंदू समुदाय ने अल्पसंख्यक अधिकारों की मांग को लेकर चटगांव में शनिवार को एक रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उनकी मांगों को जब तक सरकार पूरा नहीं करती, वह शांत नहीं बैठेंगे। प्रदर्शनकारियों ने इस रैली में अल्पसंख्यक समुदाय के लिए विशेष सुरक्षा कानून बनाने की मांग की है। इसके अलावा, दुर्गा पूजा के लिए पांच दिन की छुट्टी घोषित करने की मांग भी की। आंदोलनकारियों का कहना है कि वह इस मुद्दे को लेकर लंबे समय तक संघर्ष करने के लिए तैयार हैं।



### अल्पसंख्यकों की सुरक्षा और अधिकारों की मांग

हिंदू समुदाय ने बांग्लादेश सरकार से आठ मांगों को पूरा करने की बात कही है। इनमें मुख्य मांग अल्पसंख्यक सुरक्षा कानून के साथ एक विशेष ट्रिब्यूनल का गठन है, जो अल्पसंख्यकों के खिलाफ अपराधों के मामलों को तेजी से सुलझाने में मदद करेगा। इसके अलावा, सरकार से मांग की गई है कि पीड़ितों को उचित मुआवजा और पुनर्वास प्रदान किया जाए। समुदाय ने अल्पसंख्यक मामलों का एक मंत्रालय बनाने की मांग भी की है।

### दुर्गा पूजा के लिए दो दिन की छुट्टी

इस प्रदर्शन के बीच, बांग्लादेश के पर्यावरण मंत्री सैयद रिजवाना हसन ने हिंदू समुदाय को आश्वासन देते हुए दुर्गा पूजा के लिए पहली बार दो दिन की छुट्टी का ऐलान किया है। यह कदम अल्पसंख्यकों को उनके त्योहारों को मनाने के लिए अधिक अधिकार देने की दिशा में उठाया गया है। हिंदू समुदाय के नेताओं का कहना है कि यह छुट्टी एक महत्वपूर्ण शुरुआत है, लेकिन अन्य मांगों पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

### अल्पसंख्यक समुदायों पर बढ़ते अपराधों का आरोप

हिंदू समुदाय का कहना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ अपराध जैसे तोड़फोड़, लूटपाट, और शारीरिक हमले बढ़ गए हैं। अगस्त में शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद इन घटनाओं में वृद्धि हुई है। हालांकि, अंतरिम प्रधानमंत्री मोहम्मद यूनुस का कहना है कि यह घटनाएं राजनीतिक मुद्दों के कारण बढ़ी हैं, न कि साम्प्रदायिक कारणों से। उन्होंने इन अपराधों को श्बढ़ा-चढ़ाकरश बताया। प्रदर्शनकारी चाहते हैं कि अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए 'हिंदू, बौद्ध और ईसाई कल्याण ट्रस्ट' को फाउंडेशन का दर्जा दिया जाए। इसके अलावा, शिक्षा संस्थानों और हॉस्टल में अल्पसंख्यकों के लिए पूजा स्थलों की स्थापना की मांग की जा रही है। समुदाय का मानना है कि इन कदमों से उनकी धार्मिक स्वतंत्रता और सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

## गुजरात में टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करेंगे पीएम मोदी

### C-295 सैन्य विमान का होगा निर्माण



एजेंसी । नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोमवार को गुजरात का दौरा करेंगे, जहां वह अपने स्पेन के समकक्ष पेड्रो सांचेज के साथ मिलकर 'टाटा एयरक्राफ्ट कॉम्प्लेक्स' का उद्घाटन करेंगे। यह कॉम्प्लेक्स सी-295 विमान के निर्माण के लिए बनाया गया है। इस कॉम्प्लेक्स को टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स लिमिटेड (टीएसईएल) के परिसर में बनाया गया है।

### 40 विमानों का भारत में होगा निर्माण

सी-295 परियोजना के तहत 56 विमानों का निर्माण किया जाएगा, जिसमें से 16 विमान एयरबस के जरिए सीधे स्पेन से प्रदान किए जाएंगे। जबकि शेष 40 विमानों का निर्माण भारत में किया जाएगा। टीएसईएल इन 40 विमानों के निर्माण के लिए जिम्मेदार है। यह सुविधा भारत में सैन्य विमानों के लिए पहली निजी क्षेत्र की फाइनल असेंबली लाइन (एफएएल) होगी। इस प्रक्रिया में विमान के निर्माण से लेकर असेंबली, परीक्षण और उसे सक्षम बनाने से लेकर डिलीवरी व रखरखाव तक के पूरे पारिस्थितिकी तंत्र का विकास शामिल होगा।

## दिवाली-छठ के दौरान उत्तर रेलवे सर्वाधिक विशेष ट्रेनें चलाएगा



**नई दिल्ली।** उत्तर रेलवे ने दिवाली और छठ महापर्व पर घर जाने वाले यात्रियों की सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए इस वर्ष सर्वाधिक विशेष ट्रेनों का परिचालन करने का निर्णय लिया है। उत्तर रेलवे मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक अशोक कुमार वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि गत 1 अक्तूबर से 30 नवंबर तक विशेष ट्रेनों के अब तक 3144 फेरे घोषित किये जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 85 प्रतिशत विशेष ट्रेनें पूर्व दिशा में उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, पश्चिम बंगाल और असम जाने वाले यात्रियों के लिए चलाई जा रही हैं। उन्होंने बताया कि दिवाली और छठ महापर्व के दौरान सुगम और आरामदायक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए 26 अक्तूबर से 7 नवम्बर 2024 तक विशेष ट्रेनों के 195 फेरे (इसी अवधि के दौरान 2023 में 138 फेरे चलाये गए थे) चलाने की योजना बनाई गई है। इन 13 दिनों में उत्तर रेलवे प्रत्येक दिन दिल्ली क्षेत्र से 65 ट्रेनों का संचालन करेगी। पिछले वर्ष इन तेरह दिनों में 59 ट्रेनों का संचालन हुआ था। उन्होंने बताया कि इन 13 दिनों में लगभग एक लाख 20 हजार यात्रियों को अतिरिक्त बर्थ उपलब्ध हो पाएंगी।

# 'दिलजीत दोसांझ' के कॉन्सर्ट के टिकटों की बिक्री में धांधली

- 5 राज्यों में ED ने की छापेमारी

**नई दिल्ली।** पंजाबी पॉप सिंगर दिलजीत दोसांझ का कॉन्सर्ट 26 और 27 अक्टूबर को दिल्ली में आयोजित होना था। इसके मद्देनजर प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पांच शहरों में ताबड़तोड़ छापेमारी की है। ED ने 'कोल्डप्ले' और दिलजीत दोसांझ की 'दिल-लुमिनाती' कॉन्सर्ट के टिकटों की अवैध बिक्री मामले में पांच राज्य दिल्ली, जयपुर, मुंबई, बेंगलुरु और चंडीगढ़ में बड़े पैमाने पर छापेमारी की है। शो के टिकटिंग पार्टनर्स बुक माय शो और जोमैटो लाइव के बारे में बताया गया कि उन्होंने कुछ ही मिनटों में दोनों कॉन्सर्ट के टिकट बेच दिए, जिससे टिकटों की कथित कालाबाजारी हुई। नकली टिकट बिक्री और अत्यधिक कीमतों पर टिकटों की सेल के माध्यम से धोखाधड़ी की कई शिकायतें भी प्राप्त हुईं। इस संबंध में कई राज्यों में कई एफआईआर दर्ज की गई हैं।



### दिलजीत दोसांझ के शो के बेचे गए फर्जी टिकट

बुक माय शो ने भी कई संदिग्धों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। प्रवर्तन निदेशालय ने मनी लॉन्ड्रिंग एंगल की जांच शुरू की और 25 अक्टूबर को पांच राज्यों में 13 से अधिक स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मोबाइल फोन, लैपटॉप और सिम कार्ड जैसी आपत्तिजनक सामग्री जब्त की गई। जांच में यह भी पाया गया कि इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और टेलीग्राम का इस्तेमाल करके नकली टिकट बेचे जा रहे थे।

### अवैध टिकट बिक्री मामले में ED की छापेमारी

इसमें कहा गया है कि तलाशी का उद्देश्य टिकटों की अवैध बिक्री, इस घोटाले का समर्थन करने वाले वित्तीय नेटवर्क की जांच करना और ऐसी अवैध गतिविधियों से उत्पन्न अपराध की आय का पता लगाना था। कोल्डप्ले कॉन्सर्ट 18,19 और 21 जनवरी, 2025 को मुंबई में आयोजित होने वाला है। इस बीच, दिलजीत दोसांझ का दिललुमिनाती भारत दौरा 26 और 27 अक्टूबर को दिल्ली से शुरू होगा। इसके बाद वह जयपुर सहित विभिन्न शहरों में अपना दौरा करेंगे।

### 'बुक माई शो' और 'जोमैटो लाइव' पर आए कई लोग

कोल्डप्ले के 'म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर' और दिलजीत दोसांझ की 'दिल-लुमिनाती' म्यूजिक कॉन्सर्ट को लेकर देश के संगीत प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह है। यही कारण है कि 'बुक माई शो' और 'जोमैटो लाइव' जैसे आधिकारिक प्लेटफॉर्म पर इन शोज के टिकटों की बिक्री के लिए लाखों लोग आए। इस मामले में टिकटों की कालाबाजारी भी शुरू हुई। इसी कड़ी में फर्जी टिकटों की बिक्री के जरिए भी लोगों को ठगे जाने की बात सामने आई।

लॉरेंस बिश्नोई के जेल से इंटरव्यू देने का मामला

# हाईकोर्ट के आदेश पर बड़ा एक्शन

- दो DSP समेत 7 पुलिसकर्मी सस्पेंड

एजेंसी । नई दिल्ली

गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के जेल से इंटरव्यू देने के मामले में बड़ी कार्रवाई की गई है। इस मामले में पंजाब पुलिस के दो DSP समेत 7 पुलिसकर्मियों को सस्पेंड कर दिया गया है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई ने जेल में रहते हुए, एक निजी टीवी चैनल को इंटरव्यू दिया था। इस इंटरव्यू को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शूट किया गया था। मामला तब सामने आया जब यह इंटरव्यू टीवी चैनल पर ब्रॉडकास्ट हुआ। इसके बाद राज्य के कानून व्यवस्था पर सवाल उठने लगे थे।




### एसआईटी रिपोर्ट में लापरवाही का खुलासा


विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने अपनी रिपोर्ट में लापरवाही के कई सबूत पेश किए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, इन पुलिसकर्मियों की लापरवाही के कारण जेल में रहते हुए बिश्नोई ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू के लिए एक विशेष योजना बनाई गई थी, जिसमें कुछ अधिकारी शामिल थे। एसआईटी ने खुलासा किया कि बिश्नोई का यह इंटरव्यू सितंबर 2022 में रिकॉर्ड किया गया था। पुलिसकर्मियों पर आरोप है कि उन्होंने इस घटना को रोकने में लापरवाही बरती।

### इन अफसरों पर हुआ एक्शन

गुरशेर सिंह, डीएसपी, अमृतसर (तत्कालीन डीएसपी (Inv.), एसएएस नगर, मोहाली) सम्मर वनीत, डीएसपी, ईओडब्ल्यू, एसएएस नगर सब इंस्पेक्टर रीना, सीआईए, खरड़ (एसएएस नगर) सब इंस्पेक्टर जगतपाल जंगू, एजीटीएफ, पंजाब सब इंस्पेक्टर शगंजीत सिंह, एजीटीएफ, पंजाब एएसआई मुख्तियार सिंह, तत्कालीन ड्यूटी अधिकारी हेड कांस्टेबल ओम प्रकाश, सीआईए, खरड़ (तत्कालीन नाइट एमएचसी)

# फ्लाइट्स के बाद अब होटलों को बम की धमकी

- गुजरात के 10 और आंध्र प्रदेश के 2 होटल को मेल मिला, जांच में फेक निकला



**हैदराबाद।** गुजरात और आंध्र प्रदेश के 12 होटलों को शनिवार को बम की धमकी वाले मेल भेजे गए। गुजरात के राजकोट में मौजूद 10 होटलों को मेल भेजा गया। इनमें इंपीरियल पैलेस, सयाजी होटल, सीजंस होटल, होटल ग्रैंड रीजेंसी जैसे फेमस होटल शामिल हैं। राजकोट पुलिस की बम-डॉग स्क्वॉड की टीमें होटलों की जांच की। सायबर सेल ई-मेल की जांच में जुटी। आंध्र प्रदेश के तिरुपति में 2 होटलों राज पार्क होटल और पाई वायसरॉय होटल को मेल भेजा गया, जिसके बाद दोनों होटलों को खाली कराया गया। दोनों होटलों में बम और डॉग स्क्वॉड की टीमों ने जांच की, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। अधिकारियों ने कहा कि बम की धमकी वाला मेल झूठा है। तिरुपति के होटलों को भेजे गए मेल में लिखा था- IED बम चंद्रबाबू नायडू की कार से जुड़ा है। अफजल गुरु फिर जिंदा होगा। मेल में तमिलनाडु के DGP, डिप्टी CM उदयनिधि स्टालिन की पत्नी और ISI का जिक्र था। तिरुपति के होटल के मेल में लिखा था- सल्फर से बना IED बम है मेल में लिखा था कि होटल की पाइपलाइन में सल्फर से बना IED बम रखा गया है। मेल में आगे लिखा था कि सुबह 10.35 बजे तक होटल खाली करें। बम का डिएक्टिवेशन कोड 4566 है। ये सिस्टम गैलिलियो नाम के ऐप से चलता है।

# अमेरिका ने 3 साल में 48 भारतीय छात्रों को किया डिपोर्ट

## चार्टर्ड फ्लाइट से बिना वजह भेजा गया वापस, भारत ने मांगा जवाब

**वाशिंगटन।** अमेरिका में पढ़ाई कर रहे भारतीय छात्रों के लिए एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। पिछले तीन वर्षों में 48 भारतीय छात्रों को बिना किसी स्पष्ट कारण के डिपोर्ट कर दिया गया है। इन सभी छात्रों को चार्टर्ड फ्लाइट से भारत वापस भेज दिया गया। इस घटना ने भारत सरकार को भी सोचने पर मजबूर कर दिया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस मामले पर अमेरिकी अधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगा है ताकि छात्रों के भविष्य को लेकर उठे सवालों का समाधान किया जा सके।



### भारत-अमेरिका के बीच छात्रों के मुद्दे पर उठे सवाल

भारतीय छात्रों के डिपोर्टेशन का यह मुद्दा भारत-अमेरिका संबंधों में भी तनाव का कारण बन रहा है। भारतीय सरकार दोनों देशों के बीच शिक्षा और रोजगार को लेकर कानूनी प्रक्रियाओं को आसान और सुरक्षित बनाने पर जोर दे रही है। छात्रों को अवैध गतिविधियों से बचाने के लिए भी सरकार कोशिश कर रही है। सरकार अवैध प्रवासियों के मुद्दे को भी गंभीरता से ले रही है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारतीय नागरिकों को सुरक्षित और कानूनी तरीके से विदेश जाने के लिए शिक्षित करने का काम विभिन्न स्तरों पर किया जा रहा है। इससे नागरिकों को विदेशी धरती पर किसी भी तरह की असुविधा से बचाया जा सकेगा। अमेरिका से भारतीय छात्रों को बिना कारण वापस भेजे जाने की घटनाओं ने छात्रों और उनके परिवारों में चिंता बढ़ा दी है।

### विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी अधिकारियों से मांगा जवाब

विदेश मंत्रालय ने लोकसभा में इस मुद्दे पर जानकारी देते हुए बताया कि पिछले तीन वर्षों में 48 भारतीय छात्रों को अमेरिका से भारत लौटना पड़ा है। यह मुद्दा उस वक्त उजागर हुआ जब भारतीय सांसद बीके पार्थसारथी ने इस पर सवाल उठाए। विदेश मंत्रालय के राज्य मंत्री, कीर्ति वर्धन सिंह ने बताया कि अमेरिका की ओर से इन छात्रों को वापस भेजे जाने के कारणों को साझा नहीं किया गया है, जिससे छात्रों और उनके परिवारों में चिंता बढ़ गई है।

कीर्ति वर्धन सिंह ने लोकसभा में यह भी बताया कि छात्रों के डिपोर्टेशन के पीछे कुछ संभावित कारण हो सकते हैं। इनमें बिना अनुमति के रोजगार, कक्षाओं से अनुपस्थित रहना, या फिर अनिवार्य प्रशिक्षण (OPT) से जुड़ी जानकारी न देना शामिल हो सकता है। इन कारणों से छात्र के वीजा रद्द किए जाने की संभावना रहती है, जिसके चलते उनका अमेरिका में रहना अवैध हो सकता है।

# जन प्रतिनिधि के रूप में मेरी पहली यात्रा : प्रियंका

- कांग्रेस उम्मीदवार ने वायनाड के लोगों को लिखा खुला पत्र



**नई दिल्ली।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने शनिवार को कहा कि वायनाड से निर्वाचित होने पर एक जन प्रतिनिधि के रूप में उनकी यह पहली यात्रा जरूर होगी, लेकिन एक 'जन सेनानी के तौर पर नहीं। साथ ही बताया कि लोकतंत्र, न्याय और संविधान में निहित मूल्यों के लिए लड़ना उनके जीवन की बुनियाद रही है।

### 'वायनाड वासियों के साथ मिलकर करूंगी काम'

वायनाड से लोकसभा का चुनाव लड़ रही प्रियंका ने शनिवार को वहां लोगों के नाम एक खुला पत्र लिखा। इसमें उन्होंने कहा कि वह वायनाड वासियों के साथ मिलकर काम करेंगी। उनकी चुनौतियों के समाधान में मदद करेंगी। वह लोगों की लड़ाई लड़ने के लिए हरसंभव प्रयास करेंगी। वायनाड के लोग इस यात्रा में उनके मार्गदर्शक और शिक्षक होंगे। उन्होंने कहा कि वायनाड में भूस्खलन से हुई तबाही और वहां हुए नुकसान को देखा है। उन बच्चों से मिलीं हैं जिन्होंने उन सभी को खो दिया था जिनसे वे प्यार करते थे। कहा कि हम साथ मिलकर आपकी क्षमताओं को बढ़ाने और आपके भविष्य को मजबूत करने के लिए नए अवसर पैदा करने की दिशा में काम कर सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### शारदा सिन्हा की तबीयत बिगड़ी, दिल्ली एम्स में भर्ती

**पटना:** प्रसिद्ध लोक गायिका शारदा सिन्हा की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। शनिवार की सुबह उन्हें दिल्ली स्थित एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज आईसीयू वार्ड में चल रहा है। सूत्रों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से उन्हें खाने-पीने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था। हालांकि, अस्पताल के कर्मियों ने स्वास्थ्य स्थिति के बारे में कोई जानकारी देने से मना कर दिया है। अभी तक उनके मेडिकल स्टाफ द्वारा कोई स्वास्थ्य बुलेटिन जारी नहीं किया गया है। 'अमर उजाला' उनकी जल्द स्वस्थ होने की कामना करता है। शारदा सिन्हा को छठ महापर्व के गानों के लिए जाना जाता है। इसके अलावा, उन्होंने सलमान खान की फिल्म ₹मैंने प्यार किया₹ में भी अपनी आवाज दी थी, जो आज भी लोकप्रिय है।

### जयपुर एयरपोर्ट पर सोना तस्करी का मामला

**जयपुर:** जयपुर एयरपोर्ट पर बुधवार को सोना तस्करी के मामले में एक यात्री को पकड़ा गया। यह यात्री, जो अबूधाबी से आया था, अपनी शारीरिक जांच के दौरान संदेह के घेरे में आया। कस्टम अधिकारियों को इसकी गतिविधियों पर शक हुआ और एक्स-रे स्कैन में इसकी बॉडी में सोने के कैप्सूल होने की जानकारी मिली।आरोपी, ब्यावर निवासी महेंद्र खान, को तुरंत जयपुरिया हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां डॉक्टर्स ने दो अलग-अलग ऑपरेशन करके उसके रेक्टम से लगभग एक किलो वजनी तीन सोने के टुकड़े बरामद किए, जिनकी कुल कीमत 90 लाख रुपए से अधिक है। कस्टम अधिकारियों ने तस्करी की इस वारदात को गंभीरता से लिया है और मामले की जांच जारी है।

### ऑनलाइन मुनाफे का झांसा देकर करोड़ों की ठगी

**आजमगढ़:** अहरौला क्षेत्र में एक ऑनलाइन कंपनी द्वारा मुनाफे का लालच देकर सैकड़ों लोगों से करोड़ों रुपएठगने का मामला सामने आया है। शुक्रवार शाम दर्जनों निवेशक अहरौला थाने पहुंचे और कंपनी के एरिया मैनेजर बताए जाने वाले डॉ. एके यादव के खिलाफ प्रदर्शन कर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पकड़ी गांव निवासी संदीप मौर्य सहित कई युवाओं ने बताया कि यादव ने एक बैठक में 15,000 रुपएप्रति व्यक्ति निवेश करने पर प्रतिदिन 500 रुपएका मुनाफा देने का वादा किया था। पीड़ितों का कहना है कि अहरौला क्षेत्र के करीब 700 लोगों ने इस योजना में निवेश किया, जिससे 2.5 से 3 करोड़ रुपएका निवेश हुआ। अब कंपनी का एप बंद हो गया है और संपर्क के सभी माध्यम भी बंद कर दिए गए हैं, जिससे निवेशकों का पैसा फंस गया है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि कई लोगों ने अपनी संपत्तियां गिरवी रखकर इस योजना में पैसा लगाया था और अब सभी को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

# सपा ने उपचुनाव के लिए जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

**एजेंसी | लखनऊ**




आगामी विधानसभा उपचुनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) ने अपने 19 स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। इस सूची में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव, उनकी पत्नी एवं सांसद डिंपल यादव, पार्टी के वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव और आजम खान जैसे प्रमुख नाम शामिल हैं। चुनाव आयोग को भेजी गई इस सूची के मुताबिक, सपा प्रमुख अखिलेश यादव के साथ ही प्रमुख महासचिव प्रो. रामगोपाल यादव, सांसद जया बच्चन, प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल और हरेन्द्र मलिक भी पार्टी का प्रचार करेंगे।

### महिला एवं पिछड़े वर्ग के साथ मुस्लिम समुदाय को मिला प्रतिनिधित्व

सपा ने इस बार की स्टार प्रचारकों की सूची में महिला, पिछड़ा वर्ग और मुस्लिम समुदाय के नेताओं को शामिल कर विशेष संतुलन बनाया है। डिंपल यादव के अलावा, सपा ने वरिष्ठ नेता विश्वंभर प्रसाद निषाद, राम अचल राजभर, ओमप्रकाश सिंह और नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय को भी प्रचार अभियान में शामिल किया है।

### मुस्लिम उम्मीदवारों पर विशेष फोकस

सपा ने नौ सीटों पर होने वाले उपचुनाव में चार मुस्लिम उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। साथ ही पिछड़े और वंचित वर्ग को भी तरजीह दी है, जिसमें तीन पिछड़ा वर्ग और दो वंचित समाज से उम्मीदवारों को चुना गया है। स्टार प्रचारकों में पार्टी ने संतुलन बनाए रखते हुए इन वर्गों के लिए प्रचारकों का चयन किया है ताकि सभी समुदायों तक पार्टी का संदेश पहुंचे।

### आजम खान के शामिल होने पर चर्चाएं तेज

इस सूची में आजम खान का नाम शामिल होना कई लोगों के लिए हैरानी का विषय है, क्योंकि वह इन दिनों जेल में बंद हैं। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि यह सूची उनके प्रति सपा के समर्थन को दर्शाती है।

# एमएस धोनी बने झारखंड विधानसभा चुनाव के ब्रांड एंबेसडर

## मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे धोनी

**एजेंसी | रांची**

महेंद्र सिंह धोनी, भारतीय क्रिकेट के कैप्टन कूल₹, अब क्रिकेट के मैदान के साथ-साथ चुनावी मैदान में भी नजर आएंगे। हालांकि, वह चुनाव नहीं लड़ेंगे। झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए उन्हें चुनाव आयोग ने ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है, जिसके तहत वह मतदाताओं को अपने मताधिकार का इस्तेमाल करने के लिए प्रेरित करेंगे।



### धोनी की तस्वीर का इस्तेमाल होगा

झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी के रवि कुमार ने जानकारी दी कि धोनी ने विधानसभा चुनाव के दौरान उनकी तस्वीर का इस्तेमाल करने की मंजूरी दे दी है। उन्होंने बताया, ₹महेंद्र सिंह धोनी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।₹ धोनी, जो रांची के निवासी हैं और भारतीय क्रिकेट टीम के प्रमुख नामों में से एक रहे हैं, इस चुनाव में लोकतंत्र का उत्सव मनाने के लिए उपयुक्त चेहरा माने जा रहे हैं।

### चुनाव प्रक्रिया की जानकारी

झारखंड में विधानसभा चुनाव दो चरणों में होंगे। पहले चरण में 43 सीटों के लिए मतदान 13 नवंबर को किया जाएगा। शुक्रवार को पहले चरण के लिए उम्मीदवारों के नामांकन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। इस चरण में पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन और वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सहित कई बड़े नेताओं ने अपना नामांकन दाखिल किया है।

### राजनीतिक मुकाबला

झारखंड में झामुमो के नेतृत्व वाला INDIA गठबंधन भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए गठबंधन से मुकाबला करेगा। INDIA में झामुमो, कांग्रेस, और राजद शामिल हैं, जबकि एनडीए में भाजपा, आजसू, जनता दल यूनाइटेड, और लोजपा शामिल हैं।

# बिहार उपचुनाव: प्रशांत किशोर ने रामगढ़ से की चुनावी सभाओं की शुरुआत

**एजेंसी | बिहार**

बिहार विधानसभा के आगामी उपचुनावों के लिए जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने शनिवार को कैमूर के रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के नुआंव प्रखंड से अपनी चुनावी सभाओं की शुरुआत की। जन संवाद कार्यक्रम के तहत उन्होंने विभिन्न पंचायतों में पहुंचकर लोगों को संबोधित



किया और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तथा बसपा प्रमुख मायावती पर सीधा हमला बोला।

### नीतीश कुमार पर कोरोना संकट को लेकर आरोप

प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को कोरोना संकट के दौरान उनके व्यवहार के लिए कठघरे में खड़ा किया। उन्होंने कहा, "जब कोरोना महामारी के दौरान लोग बिहार के बच्चे पैदल चलकर घर लौट रहे थे, तब नीतीश कुमार अपने सरकारी आवास से बाहर नहीं निकले।" उन्होंने यह भी कहा कि यह चुनाव ऐसे असंवेदनशील मुख्यमंत्री को सबक सिखाने का है और संकट के समय में नीतीश कुमार ने बिहार की जनता को अकेला छोड़ दिया।

### भाजपा पर साधा निशाना

इस दौरान, प्रशांत किशोर ने भाजपा पर भी हमला करते हुए कहा, "अगर जनता भाजपा को वोट देती है, तो वह सत्ता में आने के बाद नीतीश कुमार के साथ मिल जाएगी और लोगों की उम्मीदों को नजरअंदाज कर देगी।" उन्होंने अपील की कि जनता सोच-समझकर वोट करे ताकि उनके हितों की अनदेखी करने वाले गठबंधन सत्ता में न आएं।

### मायावती पर गंभीर आरोप

प्रशांत किशोर ने बसपा प्रमुख मायावती पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें बच्चों की चिंता नहीं है और वह टिकट के लिए करोड़ों रुपये लेती हैं। उन्होंने कहा, "क्या ऐसा नेता आपकी समस्याओं का समाधान कर सकता है, जो पैसे लेकर चुनाव लड़ता है?" प्रशांत किशोर ने लोगों से जाति और धर्म के बंधनों को तोड़कर अपने बच्चों और बिहार के भविष्य के लिए वोट करने की अपील की।

# स्कूली बस पर फायरिंग से दहशत

- चालक ने बच्चों की सुरक्षा की
- अमरोहा में भाजपा नेता के स्कूल की बस पर हमला
- 28 विद्यार्थी बाल-बाल बचे

**एजेंसी | अमरोहा**



दरियापुर बुजुर्ग गांव स्थित एसएसआरएस इंटरनेशनल स्कूल की बस पर शुक्रवार सुबह तीन नकाबपोश बदमाशों ने फायरिंग और पथराव किया। घटना उस समय हुई जब बस चालक मोंटी सैनी बस में 28 बच्चों को लेकर स्कूल जा रहे थे। अचानक रास्ते में बाइक सवार हमलावरों ने बस रोककर उस पर ईंटें फेंकी और गोलीबारी की। चालक ने सतर्कता दिखाते हुए बस को तेजी से आगे बढ़ाया और बच्चों को सुरक्षित स्थान पर ले गए।

### रंजिश के चलते किया हमला

पुलिस के अनुसार, इस हमले की वजह कुछ दिनों पहले हुई एक मामूली टक्कर का विवाद बताया जा रहा है। नगला माफी निवासी मुख्य आरोपी अनुज की स्कूटी बस से टकरा गई थी, जिसके बाद उसने रंजिश रख ली। पुलिस ने आरोपी अनुज को हिरासत में लिया है, जबकि उसके दो साथियों की तलाश जारी है। घटना के बाद बच्चों में दहशत का माहौल था। कुछ छात्र सीटों के नीचे छिप गए और कई बच्चे घबरा गए। सूचना पाकर बच्चों के अभिभावक स्कूल पहुंचे और बच्चों को घर ले जाने की मांग की। स्कूल प्रबंधन ने अभिभावकों को भरोसा दिलाया कि बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस ने चालक की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है और पूरे मामले की जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारी का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज की जांच की जाएगी, जिससे आरोपियों की पहचान में मदद मिलेगी।

# प्रयागराज में बुलडोजर की आहट तीन गांव के सैकड़ों मकानों पर नोटिस पीडीए पर मनमानी के आरोप

**एजेंसी | प्रयागराज**

सड़क चौड़ीकरण परियोजना के चलते घरों पर चस्पा हुए नोटिसों से नाराज तीन गांवों के 200 से अधिक भवन मालिक शुक्रवार को प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) के इंदिरा भवन कार्यालय पहुंचे। आक्रोशित लोगों ने पीडीए पर मनमाने ढंग से कार्रवाई का आरोप लगाया और उचित मुआवजा देने की मांग की। भवन मालिकों ने बताया कि लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने चौड़ीकरण की जद में आने वाले भवनों को मुआवजा देने का आश्वासन दिया था, जबकि पीडीए ने उन पर अवैध निर्माण का आरोप लगाकर नोटिस चस्पा कर दिया। लोगों का कहना है कि 30 साल पहले बने इन मकानों का नक्शा कहां से उपलब्ध कराएं। पीडीए के इस कदम को अन्याय बताते हुए उन्होंने रोष प्रकट किया। कादिलपुर, भगवतपुर, और अकबरपुर गांवों से आए रोहित



कुमार, अमित, राकेश, रामचंद्र, कुसुम देवी, राम कैलाश, राममूरत सिंह समेत कई अन्य लोगों ने कहा कि पीडीए ने मकानों पर पिछली तारीखों का नोटिस चस्पा किया है और जवाब न देने पर मकान गिराने की चेतावनी दी गई है। ग्रामीणों ने तर्क दिया कि जब ये मकान बने थे, उस वक्त उनके गांव पीडीए के दायरे में नहीं थे, तो नक्शा पास कराने का सवाल ही नहीं उठता। सुबह 11 बजे पीडीए कार्यालय पहुंचने के बाद भी अधिकारियों से मिलने के लिए लोगों को दो घंटे से अधिक इंतजार करना पड़ा, लेकिन मुलाकात नहीं हो सकी। नाराज भवन स्वामियों ने कहा कि यदि पीडीए इसी तरह की मनमानी करता रहा तो वे धरना-प्रदर्शन के लिए मजबूर होंगे।

## व्यापार जगत

# आईसीआईसीआई बैंक का तिमाही मुनाफा 14.5 प्रतिशत बढ़ा

## शुद्ध लाभ 12,948 करोड़ रुपए आईसीआईसीआई बैंक ने वित्त वर्ष 2024-25 की दूसरी तिमाही के नतीजे जारी किए

**एजेंसी | नई दिल्ली**

आईसीआईसीआई बैंक, प्राइवेट सेक्टर के प्रमुख बैंकों में से एक, ने शुक्रवार को जुलाई-सितम्बर तिमाही के वित्तीय परिणामों की घोषणा की। बैंक ने बताया कि इस तिमाही में उसका मुनाफा 14.5 प्रतिशत बढ़कर 11,746 करोड़ रुपए पर पहुंच गया, जबकि पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में मुनाफा 10,261 करोड़ रुपए था।

### बैंक की आय में वृद्धि और ब्याज से कमाई में उछाल



बैंक के अनुसार, सितंबर तिमाही के दौरान उसकी कुल आय 47,714 करोड़ रुपए रही, जो पिछले वर्ष की समान तिमाही में 40,697 करोड़ रुपए थी। इसके अलावा, जुलाई-सितंबर तिमाही में बैंक की ब्याज से होने वाली कमाई 40,537 करोड़ रुपए तक पहुंच गई, जो एक साल पहले की अवधि में 34,920 करोड़ रुपए थी। नेट ब्याज आय (NII) में भी सुधार हुआ है, जो पिछले वर्ष की दूसरी तिमाही में 18,308 करोड़ रुपए के मुकाबले 9.5 प्रतिशत बढ़कर 20,048 करोड़ रुपए हो गई।

### एसेट क्वालिटी में सुधार

बैंक की एसेट क्वालिटी में भी सकारात्मक बदलाव आया है। ग्रॉस नॉन-परफार्मिंग एसेट (NPAs) में कमी आई है, जो सितंबर 2024 के अंत तक घटकर ग्रॉस लोन का 1.97 प्रतिशत रह गया है। पिछले साल यह 2.48 प्रतिशत था। इसी तरह, नेट एनपीए या फंसा हुआ कर्ज पिछले वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही के अंत में 0.43 प्रतिशत से घटकर 0.42 प्रतिशत हो गया। कंसोलिडेट आधार पर, बैंक ने वित्त वर्ष 2024 की दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ में 19 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो 10,896 करोड़ रुपये के मुकाबले 12,948 करोड़ रुपये हो गया है।

# होंडा कार्स इंडिया का बड़ा कदम: 92,672 गाड़ियों में फ्यूल पंप बदलने की घोषणा

**एजेंसी | नई दिल्ली**

होंडा कार्स इंडिया (Honda Cars India) ने फ्यूल पंप की खराबी को सुधारने के लिए 2,204 अतिरिक्त गाड़ियों को वापस मंगाने का निर्णय लिया है। इस कदम के साथ ही कुल रिकॉल की गई गाड़ियों की संख्या बढ़कर 92,672 हो गई है। इससे पहले कंपनी ने 90,468 गाड़ियों में फ्यूल पंप बदलने की योजना बनाई थी। प्रभावित मॉडल्स में Amaze, Brio, BR-V, City, Jazz, और WR-V शामिल हैं, जो अगस्त 2017 से जून 2018 के बीच बनाए गए थे।कंपनी ने उन ग्राहकों से भी संपर्क करने की अपील की है, जिनकी गाड़ियों में फ्यूल पंप पहले से ही स्पेयर पार्ट के रूप में बदला गया था, ताकि समस्या का समाधान किया जा सके। होंडा ने स्पष्ट किया है कि इस अभियान में वे गाड़ियां भी शामिल की जाएंगी जिनमें पहले फ्यूल पंप बदल दिया गया था। इनमें संभावित खराबी के चलते इंजन बंद होने या स्टार्ट न होने की समस्या हो सकती है। होंडा ने बताया कि यह रिकॉल अभियान 2021 में हुए एक समान अभियान के जैसा है, जब कंपनी ने 2019 और 2020 के बीच बनी करीब 78,000 गाड़ियों को फ्यूल पंप की समस्या के कारण वापस मंगाया था।

# सोलेक्स एनर्जी और एसबीआई की नई साझेदारी

- सौर वित्तपोषण में मिलेगी नई गति
- सौर ऊर्जा को सुलभ बनाने के लिए 10 करोड़ रुपए तक के ऋण की पेशकश

**एजेंसी | नई दिल्ली**

सोलेक्स एनर्जी ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के साथ मिलकर वाणिज्यिक, औद्योगिक, और संस्थागत ग्राहकों के लिए सौर वित्तपोषण के नए विकल्प प्रदान करने की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत, एसबीआई भारत भर में अपनी सूर्य शक्ति सौर वित्त योजना के तहत 10 करोड़ रुपए तक का ऋण उपलब्ध कराएगा।सोलेक्स एनर्जी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक (सीएमडी) चेतन शाह ने कहा, ₹हमारा लक्ष्य सौर ऊर्जा को अधिक सुलभ और किफायती बनाना है, ताकि यह भारत के नवीकरणीय ऊर्जा भविष्य के लिए प्रेरणादायक बन सके। यह साझेदारी सौर ऊर्जा के क्षेत्र में विकास को तेज करेगी और हमारे ग्राहकों को सौर समाधानों को अपनाने में सहायता करेगी।




### सम्पूर्ण सहायता और डिजिटल प्लेटफॉर्म का लाभ

सोलेक्स एनर्जी अपने ग्राहकों को साइट मूल्यांकन और डिजाइन से लेकर आवश्यक विनियामक अनुमोदन प्राप्त करने तक पूर्ण सहायता प्रदान करेगी। वहीं, एसबीआई एक डिजिटल मंच पेश करेगा, जो सौर परियोजनाओं के लिए ऋण आवेदन प्रक्रिया को सहज और बिना किसी बाधा के सुनिश्चित करेगा।हाल के वर्षों में, विभिन्न सार्वजनिक और निजी क्षेत्र के ऋणदाता सौर कंपनियों के साथ मिलकर वाणिज्यिक और आवासीय सौर परियोजनाओं के वित्तपोषण में सक्रियता बढ़ा रहे हैं। यह साझेदारी इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो भारत में सौर ऊर्जा के विकास को गति देगी।

# क्रिप्टोकरेंसी पर आरबीआई गवर्नर की चेतावनी: वित्तीय स्थिरता के लिए बड़ा खतरा

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शांतिकांत दास ने शुक्रवार को क्रिप्टोकरेंसी को वित्तीय और मौद्रिक स्थिरता के लिए एक गंभीर खतरा बताया। उन्होंने कहा कि यह एक ऐसी स्थिति पैदा कर सकता है, जिसमें केंद्रीय बैंक अर्थव्यवस्था में धन आपूर्ति पर अपना नियंत्रण खो सकता है। दास ने पीटरसन इंस्टीट्यूट फॉर इंटरनेशनल इकोनॉमिक्स में अपने विचार साझा करते हुए कहा, "मेरी राय है कि क्रिप्टोकरेंसी को वित्तीय प्रणाली पर हावी नहीं होने दिया जाना चाहिए। यह वित्तीय स्थिरता के लिए बड़े जोखिम पैदा करता है और बैंकिंग प्रणाली के लिए भी खतरे का कारण बनता है।" उन्होंने यह भी कहा कि सरकारें क्रिप्टोकरेंसी के संभावित नकारात्मक प्रभावों के प्रति जागरूक





हो रही हैं। दास ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक समझ विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया, जिससे इस मुद्दे का सही तरीके से समाधान किया जा सके। दास ने बताया कि भारत क्रिप्टोकरेंसी पर सवाल उठाने वाला पहला देश था। जी20 की अध्यक्षता के दौरान इस पूरे क्रिप्टो इकोसिस्टम के संबंध में एक अंतरराष्ट्रीय समझ विकसित करने पर सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि इस दिशा में कुछ प्रगति हुई है, लेकिन अभी और काम करने की आवश्यकता है। आरबीआई गवर्नर ने कहा, "हम पहले केंद्रीय बैंकों में से एक हैं जिन्होंने क्रिप्टोकरेंसी के बारे में अपनी गंभीर चिंताओं को स्पष्ट रूप से व्यक्त किया है। यह ऐसे बड़े जोखिम हैं, जो वित्तीय स्थिरता को प्रभावित कर सकते हैं।" दास ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी की उत्पत्ति को समझना महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसका मूल उद्देश्य सिस्टम को बायपास करना था। उन्होंने प्रश्न उठाया कि क्या सरकारें निजी तौर पर जारी की जाने वाली क्रिप्टोकरेंसी के प्रति सहज महसूस करती हैं।

# दानिश पावर के आईपीओ को मिला शानदार रिस्पॉन्स

**एजेंसी | नई दिल्ली**

दानिश पावर के आईपीओ ने निवेशकों से अद्भुत रिस्पॉन्स हासिल किया है। इस आईपीओ को तीन दिन की ओपनिंग के दौरान 126.65 गुना सब्सक्राइब किया गया, जिससे अब सभी की निगाहें कंपनी की लिस्टिंग पर हैं। ग्रे मार्केट से मिल रहे संकेत यह बताते हैं कि निवेशकों को शुभ समाचार मिल सकता है। 22 अक्टूबर को आईपीओ ओपन हुआ था, जो 25 अक्टूबर तक खुला रहा। इस दौरान रिटेल कैटगरी में आईपीओ को 79.88 गुना सब्सक्रिप्शन प्राप्त हुआ, वहीं क्वालीफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स कैटगरी में 104.72 गुना और नॉन इंस्टीट्यूशनल इनवेस्टर्स कैटगरी में 275.92 गुना सब्सक्रिप्शन मिला। कंपनी ने आईपीओ के लिए 360




रुपए से 380 रुपए प्रति शेयर का प्राइस बैंड निर्धारित किया है। एक लॉट में 300 शेयर शामिल हैं, जिससे रिटेल निवेशकों को कम से कम 1,14,000 रुपए का निवेश करना होगा। इन्वेस्टर्स गेन की रिपोर्ट के अनुसार, ग्रे मार्केट में यह आईपीओ 260 रुपए के प्रीमियम पर ट्रेड कर रहा है। यदि यही स्थिति बनी रही, तो दानिश पावर शेयर बाजार में 68 प्रतिशत के प्रीमियम के साथ डेब्यू कर सकता है। कंपनी की एनएसई एसएमई में लिस्टिंग 29 अक्टूबर को प्रस्तावित है।

पुणे टेस्ट

# न्यूजीलैंड ने भारत को 113 रन से हराया

## कीवी टीम पहली बार इंडिया में जीती सीरीज

**डीबीडी संवाददाता | पुणे**

पुणे टेस्ट मैच में न्यूजीलैंड ने भारत को 113 रनों से हरा दिया। इस जीत के साथ ही न्यूजीलैंड ने तीन मैचों की सीरीज 2-0 से अपने नाम कर ली। 359 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारती टीम की शुरुआत निराशाजनक रही। टीम ने कप्तान रोहित शर्मा का विकेट 8 रन पर गंवा दिया, लेकिन यशस्वी जायसवाल और शुभमन गिल की साझेदारी ने उन्हें मैच में वापस ला दिया। हालांकि, सेंटनर की शानदार गेंदबाजी के सामने भारतीय बल्लेबाज नहीं टिक पाए और भारतीय टीम 245 रनों पर ढेर हो गई।




### सैंटनर को 6 विकेट



न्यूजीलैंड के लिए मिचेल सेंटनर ने सात (पहली पारी) और छह विकेट (दूसरी पारी) लिए, जबकि एजाज पटेल ने दो विकेट लिए। भारत के लिए यशस्वी जायसवाल ने 77 रन बनाए, जबकि रवींद्र जडेजा ने 42 रन बनाए। विराट कोहली ने दूसरी पारी में महज 17 रन की पारी खेली। इसी तरह शुभमन गिल 23 रन और कप्तान रोहित शर्मा 8 रन बनाकर ही पवेलियन चले गए। वहीं, ऋषभ पंत बिना खाता खोले रन आउट हो गए।

### कोहली का विकेट टीम के लिए बड़ा झटका

भारतीय टीम का पांचवां विकेट विराट कोहली के रूप में गिरा, जिन्होंने 17 रन बनाए। मिचेल सैंटनर की गेंद पर LBW आउट होने के बाद कोहली ने DRS लिया, लेकिन बॉल लेग स्टंप को छूती दिखी, और उन्हें अंपायर कॉल के कारण आउट करार दिया गया। कोहली का यह विकेट भारतीय टीम के लिए बड़ा झटका साबित हुआ।



### न्यूजीलैंड के टॉम लैथम ने बनाए 86 रन

न्यूजीलैंड की ओर से टॉम लैथम ने 86 रनों की शानदार पारी खेली। हालांकि, बाकी बल्लेबाज ज्यादा कुछ नहीं कर सके। ग्लेन फिलिप्स ने नाबाद 48 रन बनाए, जबकि टॉम ब्लंडेल ने 41 रन का योगदान दिया। इस तरह न्यूजीलैंड की टीम ने दूसरी पारी में भारत के खिलाफ 255 रन बनाने में कामयाब हुई।



दूसरा वनडे

# बेटियों की निगाह सीरीज जीत पर

**एजेंसी | अहमदाबाद**

भारतीय महिला टीम रविवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे वनडे में जीत के साथ सीरीज मुट्ठी में करने उतरेगी। मेजबान टीम टी-20 विश्व कप में मिली निराशा को पीछे छोड़कर अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी पुख्ता करने में लगी है। हालांकि इसके लिए भारतीय बल्लेबाजों को दमदार प्रदर्शन करना होगा। खासकर स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा को टीम को अच्छी शुरुआत दिलानी होगी। भारत ने पहला मैच 59 रन से जीता पर बल्लेबाज अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके थे।



### मंधाना को संभालना होगा मोर्चा

मेजबान टीम अब इसमें बदलाव करना चाहेगी और कप्तान मंधाना को मोर्चे से अगुवाई करनी होगी। पिछले मैच में पदार्पण करने वाली तेजल हसाबनिस ने वही किया था। मंधाना पहले मैच में आठ रन पर आउट हो गई थी। उनका खराब फॉर्म पिछले एक महीने से चला आ रहा है। जुलाई में उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए दो शतक जड़े थे। टीम की निगाह नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की फिटनेस पर होंगी जो चोट के कारण पिछले मैच से बाहर थीं। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर ने उम्दा प्रदर्शन किया जबकि बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव ने विकेट चटकाए।


### केर सीरीज से बाहर

टी-20 की नई चैंपियन न्यूजीलैंड की सीरीज में बराबरी की उम्मीदों को झटका लगा है। उनकी करिश्माई हरफनमौला अमेली केर चोट के कारण सीरीज से बाहर हो गई है। केर रविवार को स्वदेश लौटेंगी। उन्हें उबरने में तीन सप्ताह लगेंगे। कोच बेन सायेर ने कहा, हमें पता है कि वह कितनी दुखी है कि तीनों मैच नहीं खेल पा रही। हर किसी को पता है कि वह टीम का कितना महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# बिक्रमजीत के दम पर भारत ने कांसा जीता

**एजेंसी | जोहोर बाहरू**

गोलकीपर बिक्रमजीत सिंह के शानदार प्रदर्शन की मदद से भारत ने शनिवार को पेनाल्टी शूटआउट में न्यूजीलैंड को 3-2 से हराकर सुल्तान जोहोर कप में कांस्य पदक जीता। निर्धारित समय में मुकाबला 2-2 से बराबर रहा। इसके बाद शूटआउट का सहारा लिया गया। शूटआउट में भारत की तरफ से स्ट्राइकर गुरजोत सिंह, मनमीत सिंह और सौरभ आनंद कुशवाह ने गोल किए।। बिक्रमजीत ने तीन बचाव करके भारत को जीत दिलाई। पिछली बार भी टीम ने पेनाल्टी शूटआउट में कांसा जीता था। तब पाक को मात दी थी।



इससे पहले निर्धारित समय में दिलराज सिंह (11वें मिनट) और मनमीत सिंह (20वें मिनट) ने भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। न्यूजीलैंड ने अंतिम क्वार्टर में ओवेन ब्राउन (51वें मिनट) और जोंटी एल्म्स (57वें मिनट) के गोल की मदद से अच्छी वापसी की। भारत ने पहले 20 मिनट में ही दो गोल कर दिए थे। खेल के 11वें मिनट में ही दिलराज ने मुकेश टोप्पो की मदद से गोल करके भारत को 1-0 से आगे कर दिया।

## टेनिस डायरी: किंवेन ने पेन पेसीफिक ओपन के सेमीफाइनल में डायना और केनिन ने केटी को बाहर का रास्ता दिखाया

# सोफिया और झेंग के बीच होगा खिताबी मुकाबला




**एजेंसी | टोक्यो**

दुनिया की नंबर सात खिलाड़ी झेंग किंवेन ने शनिवार को पेन पेसीफिक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल का टिकट कटा लिया। खिताब के लिए रविवार को झेंग का सामना पूर्व ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन सोफिया केनिन से होगा। ओलंपिक चैंपियन चीन की झेंग ने रूस की डायना स्नाइडेर को 7-6, 6-3 से पराजित किया। अब उनकी निगाह सत्र के तीसरे खिताब पर है। अमेरिका की केनिन ने नौवीं वरीयता प्राप्त केटी बूल्टर को 6-4,6-4 से बाहर का रास्ता दिखाया।

### सत्र की 47 वीं जीत

झेंग ने एक घंटे 49 मिनट में मैच अपने नाम किया। यह उनकी इस सत्र की 47वीं जीत है। झेंग ने टूर्नामेंट में अब तक सिर्फ सेट क्वार्टर फाइनल में लैला फर्नांडिज के खिलाफ गंवाया था। झेंग इससे पहले 2022 में यहां फाइनल में पहुंची थी लेकिन उपविजेता बनकर ही संतोष करना पड़ा था। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली केनिन ने ब्रिटिश प्रतिद्वंद्वी की सर्विस दूसरे सेट के सातवें गेम में तोड़ी और अपनी सर्विस बरकरार रखकर मैच जीत लिया। यह उनका सत्र का पहला फाइनल है। वह चार साल बार ट्रॉफी जीतने से एक जीत दूर है। पिछला खिताब उन्होंने 2020 में लियोन में जीता था।

# मनिका डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में



**एजेंसी | मोंटपेलियेर (फ्रांस)**

भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने उलटफेर भरी जीत के साथ डब्ल्यूटीटी चैंपियंस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल का टिकट कटा लिया। दुनिया की 30वें नंबर की खिलाड़ी मनिका ने रोमानिया की 14वें नंबर की बर्नाडेट एस को 29 मिनट में 3-1 (11-9, 6-11, 13-11,11-9) से पराजित किया। उन्होंने पेरिस ओलंपिक प्री क्वार्टर फाइनल में भी इसी प्रतिद्वंद्वी को हराया था। मनिका का सामना अब चीन की कियान तियांयी से होगा जिन्होंने हमवतन वांग यिडि को 11-7, 11-9, 13-11 से मात दी। भारत की श्रीजा अकुला को दुनिया की 13वें नंबर की खिलाड़ी पुएर्तो रिको की एड्रियाना डियाज ने पहले दौर में हरा दिया था।

# चेन्नई में होगा कंगुवा का ग्रैंड ऑडियो लॉन्च इवेंट

कंगुवा के ऑडियो लॉन्च के लिए चेन्नई के जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में शाम 6 बजे का समय तय किया गया है। 7,000 से ज्यादा फैंस की मौजूदगी के साथ यह आयोजन एक संगीत और फिल्म का शानदार जश्न बनेगा। इस शाम के हाईलाइट पॉपुलर स्टार्स सूर्या, दिशा पाटनी और बॉबी देओल होंगे, जो अपने फैंस से मिलने और उनसे जुड़ने के लिए वहां मौजूद रहेंगे। फिल्म का म्यूजिक मशहूर रॉकस्टार देवी श्री प्रसाद यानी डीएसपी ने कंपोज किया है। अपने एनर्जेटिक म्यूजिक और हिट गानों के लिए फेमस डीएसपी के गानों का फैंस और इंडस्ट्री बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इवेंट का खास आकर्षण डीएसपी का स्पेशल परफोर्केंस और लाइव सिंगिंग होगा, जिसे देखना बिना किसी शक रोमांचक होने वाला है।




'कंगुवा' इस साल की सबसे बड़ी और सबसे महंगी फिल्म है। 350 करोड़ से ज़्यादा के अनुमानित बजट के साथ यह 'पुष्पा', 'सिंघम' और कई दूसरी बड़ी फिल्मों से भी बड़ी है। फिल्म की शूटिंग अलग अलग कॉन्टिनेंट्स के 7 अलग देशों में की गई है। मेकर्स के दिमाग में फिल्म के लिए एक अपनी तरह का लुक है, क्योंकि यह प्रीहिस्टोरिक पीरियड को दिखाने वाली अनोखी फिल्म है। फिल्म के मेकर्स ने टेक्निकल डिपार्टमेंट जैसे एक्शन और सिनेमेटोग्राफी के लिए हॉलीवुड एक्सपर्ट्स को हायर किया है। फिल्म में कुल 10 हजार लोगों से ज्यादा के साथ शूट किया गया, सबसे बड़ा वॉर सीक्वेंस भी है। इतना ही नहीं, स्टूडियो ग्रीन ने टॉप डिस्ट्रीब्यूशन हाउसेज के साथ हाथ मिलाया है, ताकि फिल्म को बड़े लेवल पर दुनिया भर में रिलीज किया जा सके। सूर्या की कंगुवा में जगपति बाबू, योगी बाबू, नटराजन सुब्रमण्यम, रेडिन किंग्सले, कोवई सरला, रवि राघवेंद्र, आनंद राज के एस रविकुमार और बीएस अविनाश भी हैं। बता दें कि कांगुवा में सूर्या को शक्तिशाली योद्धा और बॉबी देओल को खलनायक के रूप में देखकर फैंस बेहद एक्साइटेड हैं।

14 नवंबर 2024 को 'कंगुवा' सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयारी है।

# धनुष निर्देशित तीसरी फिल्म में दिखेंगी प्रिंयका मोहन

धनुष साउथ फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर और लोकप्रिय अभिनेता हैं, जिन्हें अभिनय के अलावा गायन और निर्देशन के लिए भी जाना जाता है। अपने करियर में बतौर अभिनेता कई शानदार फिल्में देने वाले धनुष, बतौर निर्देशक भी काफी सफल रहे हैं। उनकी हालिया रिलीज फिल्म 'रायन' सिनेमाघरों में काफी सफल रही है। इस फिल्म को उन्होंने ही निर्देशित किया था। अब वह अपने निर्देशन वाली तीसरी फिल्म की तैयारी कर रहे हैं, जिसमें प्रियंका मोहन भी नजर आने वाली हैं।



### धूम मचा रहा है प्रियंका मोहन का नया गाना

वह साउथ की प्रतिभाशाली गायिकाओं में से एक हैं। प्रियंका, धनुष के निर्देशन वाली तीसरी फिल्म 'नीलावुकु एन मेल एन्नाडी कोबाम' में नजर आएंगी। इस फिल्म से अभिनेत्री प्रियंका मोहन का पहला सिंगल 'गोल्डन स्पैरो' अब यूट्यूब पर 50 मिलियन से अधिक व्यूज के साथ धूम मचा रहा है। अब अभिनेत्री ने खुलासा करते हुए बताया है कि कैसे उन्हें ये गाना मिला।

# डेविड धवन की फिल्म से जुड़ी पूजा हेगड़े



इन दिनों अभिनेता वरुण धवन अपनी बेटी के साथ वक्त बिता रहे हैं। उनकी पत्नी नताशा दलाल ने 3 जून को एक प्यारी बेटी को जन्म दिया था। निजी जिंदगी के अलावा वरुण अपनी फिल्मों को लेकर भी चर्चा में हैं।उनके पास कई फिल्में हैं, जिनमें एक उनके पिता डेविड धवन के निर्देशन में बन रही कॉमेडी रोमांटिक फिल्म भी शामिल है। खबर है कि डेविड की फिल्म के सितारों में अभिनेत्री पूजा हेगड़े भी शामिल हो गई हैं।

### कपूर की 'देवा' में भी नजर आएंगी पूजा

पूजा ने कहा, "मैं आने वाले दिनों में कई फिल्मों की घोषणा करने वाली हूं। आप मुझे जल्द अलग-अलग भूमिकाओं में देखने वाले हैं। मैंने एक साल का ब्रेक लिया और सोचा कि मुझे क्या करना चाहिए।" बता दें कि पूजा को पिछली बार सलमान खान की फिल्म 'किसी का भाई किसी की जान' में देखा गया था। आने वाले दिनों में वह शाहिद कपूर की फिल्म 'देवा' में भी नजर आएंगी।



### पूजा को पसंद आ गई फिल्म की कहानी

एक रिपोर्ट के मुताबिक, डेविड की अगली फिल्म में वरुण की जोड़ी पूजा के साथ बनी है। बताया जा रहा है कि पूजा फिल्म में वरुण की गर्लफ्रेंड की भूमिका निभाएंगी और दोनों पहली दफा पर्दे पर साथ नजर आएंगे। इस फिल्म में अभिनेत्री मृणाल ठाकुर भी अहम भूमिका में नजर आएंगी। वरुण, पूजा और मृणाल की यह फिल्म लव ट्रायंगल पर आधारित होगी। यह फिल्म 2 अक्टूबर, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# अजय देवगन ने की नई फिल्म 'नाम' की घोषणा

बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन 'सिंघम अगेन' के बाद एक एक्शन फिल्म में धमाल मचाते दिखाई देंगे। अनीस बज्मी द्वारा निर्देशित और अनिल रूंगटा द्वारा निर्मित, रूंगटा एंटरटेनमेंट प्रस्तुत, स्निग्धा मूवीज़ प्राइवेट लिमिटेड के साथ मिलकर फिल्म 'नाम' 22 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अजय देवगन फिल्म 'नाम' में मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

शनिवार को रिलीज हुए पहले पोस्टर ने लोगों को फ़िल्म के बारे में और जानने के लिए उत्सुक कर दिया है, जो एक हाई-ऑक्टेन एक्शन ड्रामा होने का वादा करता है। इस बीच, अजय रोहित शेट्टी द्वारा निर्देशित 'सिंघम अगेन' के प्रचार में व्यस्त हैं। हाल ही में, अजय देवगन, करीना कपूर खान, दीपिका पादुकोण, अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ और रणवीर सिंह अभिनीत फ़िल्म का ट्रेलर रिलीज़ किया गया।

लगभग पांच मिनट लंबे स्टार-स्टडेड ट्रेलर में एक्शन सीन और आइकॉनिक डायलॉग्स की भरमार है। दिलचस्प ट्रेलर में 'सिंघम अगेन' के कलाकारों की झलक मिलती है। इसमें कहीं-कहीं रामायण का भी संदर्भ है और पात्रों को दर्शकों के लिए आधुनिक व्याख्याओं के रूप में प्रस्तुत किया गया है। ट्रेलर में अजय देवगन को बाजीराव सिंघम के रूप में अपनी भूमिका को दोहराते हुए दिखाया गया है, जिसमें उनका सामना अर्जुन कपूर से होता है।

वह आधुनिक राम का प्रतिनिधित्व करते हैं। फिल्म 'अच्छाई बनाम बुराई' के विषयों को आपस में जोड़ती है। फिल्म में करीना कपूर अजय की पत्नी की भूमिका में हैं, जबकि रणवीर सिंह और अक्षय कुमार सिम्बा और सूर्यवंशी के रूप में अपनी भूमिकाएँ दोहराते हैं। कॉप यूनिवर्स में एक नया नाम दीपिका पादुकोण का है, जिन्हें 'लेडी सिंघम' के रूप में पेश किया गया है। टाइगर श्रॉफ भी एसीपी सत्य पटनायक के रूप में टीम में शामिल हुए हैं। 'सिंघम अगेन' सुपरहिट फ्रैंचाइज़ी की तीसरी किस्त है। 'सिंघम' 2011 में रिलीज़ हुई थी, जिसमें काजल अग्रवाल और प्रकाश राज मुख्य भूमिका में थे, इसके बाद 2014 में 'सिंघम रिटर्न्स' रिलीज़ हुई। दोनों ही प्रोजेक्ट बॉक्स ऑफिस पर हिट रहे। तीसरा भाग इस दिवाली रिलीज़ होगा।




## रणनीति

# मराठवाड़ा में भाजपा-महायुति की होगी अग्निपरीक्षा

■ मनोज जरांगे पाटिल के प्रत्याशी उतारने से इस बार बदले समीकरण

डीबीडी संवाददाता | मुंबई



मराठवाड़ा क्षेत्र में 2024 के महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के दौरान सबकी निगाहें इस पर टिकी हैं, खासकर मराठा आरक्षण आंदोलन के प्रभाव के चलते। मराठवाड़ा की 46 विधानसभा सीटों पर जातीय ध्रुवीकरण और मराठा आरक्षण जैसे मुद्दे इस बार महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। 2019 के विधानसभा चुनाव में मराठवाड़ा ने भाजपा-शिवसेना (तब अविभाजित) गठबंधन को 28 सीटें दी थीं, जिसमें भाजपा ने 16 सीटें और शिवसेना ने 12 सीटें जीती थीं। अब 2024 में शिंदे गुट के अलग होने और महाविकास अघाड़ी के नए गठजोड़ (शिवसेना-उद्धव गुट, एनसीपी-शरद पवार गुट और कांग्रेस) के साथ, मराठवाड़ा की चुनावी स्थिति अधिक अनिश्चित और दिलचस्प हो गई है।

## फेल हो गई थी अशोक चव्हाण की रणनीति




मराठवाड़ा में मराठा आरक्षण आंदोलन ने इस बार विधानसभा चुनावों में नई परिस्थितियां पैदा कर दी हैं। 2019 में कांग्रेस और राकांपा को यहां आठ-आठ सीटें मिली थीं, जबकि अन्य को दो सीटों पर जीत मिली थी। लेकिन 2023 के मध्य से मराठा समुदाय के लिए कुनबी का दर्जा देकर ओबीसी कोटे में आरक्षण दिलवाने की मांग ने पूरे क्षेत्र की राजनीति में हलचल मचा दी है। इस आंदोलन का नेतृत्व मराठा युवक मनोज जरांगे पाटिल कर रहे हैं, जिनका प्रभाव इस क्षेत्र में स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। पिछले लोकसभा चुनाव में भी, जरांगे पाटिल के आह्वान पर मराठवाड़ा से भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली थी, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी, जो कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए थे, पार्टी को बढ़त दिलाने में असमर्थ रहे थे। इस बार के विधानसभा चुनाव में मराठा आरक्षण आंदोलन का असर और मनोज जरांगे पाटिल की लोकप्रियता इस क्षेत्र की जातिगत राजनीति को प्रभावित कर सकती है, जिससे भाजपा और अन्य दलों को यहां कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है।

## क्या कहता है मराठवाड़ा का गणित?

इस क्षेत्र की कुल आठ लोकसभा सीटों में से तीन कांग्रेस जीती, तीन शिवसेना (यूबीटी) एवं राकांपा (शरदचंद्र पवार) एवं एक शिवसेना (शिंदे)। जातीय गणित के आधार पर देखें तो आठ में से सात मराठा उम्मीदवार जीते। आठवीं सीट लातूर की अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। यहां भी उम्मीदवार कांग्रेस का ही जीता।

- महाराष्ट्र के अन्य क्षेत्रों में मनोज जरांगे पाटिल का कितना असर रहेगा, नहीं कहा जा सकता। किंतु मराठवाड़ा के मराठा तो उनके पीछे चलने को तैयार दिख रहे हैं। लेकिन इस गणित का दूसरा पहलू भी है।
- मराठवाड़ा जिस प्रकार से खेतिहर मराठों का केंद्र है, उसी प्रकार दलित-ओबीसी मतदाताओं का भी बड़ा गढ़ है। गोपीनाथ मुंडे इस क्षेत्र के बड़े ओबीसी नेता रहे हैं। आज उनकी विरासत उनकी बेटी पंकजा मुंडे संभाल रही हैं।
- अजीत पवार के महायुति सरकार में शामिल होने के बाद पंकजा के चचेरे भाई धनंजय मुंडे भी अब पंकजा के साथ आ चुके हैं। विजयदशमी के दिन 11 साल बाद दोनों बहन-भाई एक साथ एक मंच पर नजर आए।

## सबसे ज्यादा असुरक्षित ओबीसी



पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य में मराठों की आबादी 28 प्रतिशत, तो ओबीसी की आबादी 52 प्रतिशत है। करीब एक साल से चल रहे मनोज जरांगे पाटिल के मराठा आरक्षण आंदोलन के कारण सबसे ज्यादा असुरक्षित ओबीसी समाज ही महसूस कर रहा है। वह नहीं चाहता कि उसके आरक्षण कोटे में कोई और आकर सेंध लगाए।

### मराठवाड़ा के गांव-गांव में दरार डाली

- मराठा आंदोलन ने पिछले एक साल में खासतौर से मराठवाड़ा के गांव-गांव में ऐसी दरार डाली है कि दोनों समुदायों ने एक-दूसरे के सुख-दुख में हिस्सा लेना भी बंद कर दिया है। यह बात वरिष्ठ ओबीसी नेता छगन भुजबल खुद जाकर सबसे बड़े मराठा नेता शरद पवार को बता चुके हैं। महाराष्ट्र में ऐसी स्थिति इससे पहले कभी नहीं देखी गई थी।
- मराठा और ओबीसी ध्रुवीकरण के साथ-साथ मराठवाड़ा की 15 प्रतिशत मुस्लिम आबादी भी अपना असर दिखाने से नहीं चूकेगी। खासतौर से असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम इस क्षेत्र में अपना अच्छा असर रखती है। मराठवाड़ा कभी हैदराबाद के निजाम की रियासत का हिस्सा हुआ करता था।
- इसी असर का परिणाम था कि 2019 में हैदराबाद के बाद औरंगाबाद देश की दूसरी ऐसी सीट बनी, जहां एआईएम आईएम के उम्मीदवार इम्तियाज जलील ने जीत हासिल की थी।

## दलित मतों का बंटवारा

मराठवाड़ा में इस बार की चुनावी राजनीति काफी जटिल है, खासकर विभिन्न जातीय और समुदायिक समीकरणों के चलते। मनोज जरांगे पाटिल, जो मराठा आरक्षण आंदोलन के एक प्रमुख चेहरे बनकर उभरे हैं, हाल ही में छत्रपति संभाजी महाराज नगर से मुंबई तक एक भव्य कार रैली निकालकर अपनी राजनीतिक शक्ति का प्रदर्शन कर चुके हैं। हालांकि हाल के चुनाव में उन्हें हार का सामना करना पड़ा, फिर भी उनकी लोकप्रियता और आंदोलन के प्रति समर्थन ने मराठवाड़ा में राजनीतिक दलों की चुनौतियों को बढ़ा दिया है। इसके अलावा, मराठवाड़ा में मुस्लिम और दलित मतदाताओं की अच्छी-खासी संख्या है। दलित वोटों का बंटवारा केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले, जो भाजपा के साथ हैं, और बहुजन विकास आघाड़ी के प्रकाश आंबेडकर के बीच होने की संभावना है। यह विभाजन भाजपा और महाविकास अघाड़ी दोनों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। इन सभी समीकरणों और सामाजिक ध्रुवीकरण के बीच, मराठवाड़ा में इस बार किस दल को फायदा मिलेगा, यह कहना मुश्किल है।

# आधी आबादी को कमान का इंतजार



विश्लेषण

अमित बृज

## मुंबई और उपनगरों में महज 8 महिला उम्मीदवारों को मिला टिकट

मुंबई की राजनीति में महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए विभिन्न योजनाएं और वादे किए गए हैं, लेकिन महिला उम्मीदवारों को टिकट देने के मामले में पार्टियों ने सावधानी बरती है। मुंबई सिटी और मुंबई सबअर्बन की 36 विधानसभा सीटों में केवल 8 सीटों पर ही महिला उम्मीदवारों को टिकट मिला है। महायुति की ओर से 5 महिलाओं को और महाविकास अघाड़ी की ओर से 3 महिलाओं को टिकट दिया गया है। यह आकड़ा दर्शाता है कि महिला मतदाताओं को आकर्षित करने के प्रयासों के बावजूद, राजनीतिक दल अभी भी महिला उम्मीदवारों को प्राथमिकता देने में कंजूसी दिखा रहे हैं। महिला नेतृत्व को बढ़ावा देने के मुद्दे पर महिलाओं के प्रतिनिधित्व की कमी ध्यान खींचने वाला है, खासकर जब महिलाएं मतदाताओं का एक बड़ा हिस्सा बनाती हैं और चुनाव परिणामों को प्रभावित करने की क्षमता रखती हैं।





### महायुति से महिला कैंडिडेट

| | |
|---|---|
| शिवसेना | जोगेश्वरी पूर्व सीट से मनीषा वायकर |
| शिवसेना | भायखला सीट से यामिनी जाधव |
| बीजेपी | गोरेगांव सीट से विद्या ठाकुर |
| बीजेपी | दहिसर सीट से मनीषा चौधरी |
| एनसीपी (अजित) | अणुशक्ति नगर सीट से सना मलिक |

### महाविकास अघाड़ी की महिला कैंडिडेट


| | |
|---|---|
| कांग्रेस | धारावी सीट से ज्योति गायकवाड़ |
| यूबीटी | अंधेरी पूर्व सीट से ऋतुजा लटके |
| एनसीपी (शरद) | घाटकोपर पूर्व सीट से राखी जाधव |

### 47,32,660 महिला वोटर्स हैं

मुंबई सिटी और सबअर्बन में कुल 1,01,80,930 मतदाता हैं, जिसमें 47,32,660 महिलाएं, 54,47,195 पुरुष, और 1,075 तृतीय पंथी मतदाता शामिल हैं। इन आंकड़ों के बावजूद, महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में 'जिसकी जितनी आबादी, उसकी उतनी हिस्सेदारी' के सिद्धांत का पालन नहीं हो रहा है। महिला वोटरों की इतनी बड़ी संख्या होने के बावजूद भी उन्हें अपेक्षित प्रतिनिधित्व नहीं मिल रहा है। पार्टियों ने केवल कुछ महिला उम्मीदवारों को टिकट दिया है, जो दिखाता है कि महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को लेकर गंभीरता की कमी है। जबकि महिलाओं का वोट बैंक प्रभावशाली हो सकता है, यह चुनावी रणनीतियों में प्रत्यक्ष रूप से दिखाई नहीं देता।

### 2023 में पास हुआ था नारी शक्ति वंदन विधेयक

महिला आरक्षण बिल (नारी शक्ति वंदन विधेयक) सबसे पहले 1996 में संसद में पेश किया गया था। इसने राजनीतिक क्षेत्र में महिलाओं को 33% आरक्षण देने का मार्ग प्रशस्त करने का लक्ष्य रखा। लेकिन इस विधेयक को पारित होने में लंबा समय लगा। आखिरकार, सितंबर 2023 में, संशोधनों के साथ यह विधेयक संसद के दोनों सदनों से पास हो गया। यह विधेयक अब संविधान में 33% सीटें महिलाओं के लिए आरक्षित करने का प्रावधान करता है, जो संसद और सभी राज्यों की विधानसभाओं में लागू होगा। हालाँकि, यह कानून तत्काल प्रभाव से लागू नहीं होगा; इसे 2026 की जनगणना और परिसीमन प्रक्रिया के बाद ही लागू किया जाएगा। इस बदलाव से महिलाओं को प्रतिनिधित्व में अधिक समानता और राजनीति में सशक्तिकरण मिलेगा। लेकिन फिलहाल, महाराष्ट्र जैसे राज्यों के विधानसभा चुनावों में महिलाएं अपेक्षाकृत कम संख्या में ही उम्मीदवार हैं, जो इस नए कानून के बावजूद महिलाओं के लिए राजनीति में वास्तविक अवसर की कमी को उजागर करता है।




» नीलम रामअवध

## 'यहां न कोई कटेगा, न बंटेगा'

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का सियासी मौसम अब पूरी तरह से गर्म हो चुका है, और इस बार तो जैसे हर दिन कोई नया नाटक देखने को मिल रहा है। इसी बीच, शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 'बंटेंगे तो कटेंगे' वाले नारे पर ऐसा तंज कसा कि हंसी रोकना मुश्किल हो गया। राउत ने कहा, 'योगी जी, आप महाराष्ट्र में आकर क्या करने वाले हैं? आप अपने यूपी में अपनी पार्टी को तो नहीं बचा पाए। अयोध्या और चित्रकूट का हाल तो सबको पता है। अब यहां आकर भड़काऊ बयान देकर क्या करेंगे? यह महाराष्ट्र है भाई, यहां न कोई बंटेगा और न कटेगा!' बस फिर क्या था, मानो संजय राउत ने जैसे माइक पकड़कर किसी शो का एंकर बनकर कह दिया हो, 'आओ भाई, कुछ मजेदार सुनते हैं!' उन्होंने आगे जोड़ा, 'यहां तीन प्रमुख पार्टियां हैं, और सभी को साथ लेकर चलना पड़ेगा। हरियाणा में कांग्रेस अकेले लड़ी थी, क्या हुआ? वहां की सियासत के टुकड़े-टुकड़े देखने को मिले।' सुनकर ऐसा लगा जैसे राउत कोई पंचलाइन दे रहे हों—'हंसी नहीं रोका, बस तालियों की गड़गड़ाहट की इंतज़ार कर रहा था!' दूसरी ओर, बीजेपी भी अपने 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे से प्रचार करने में जुटी है। लेकिन क्या यह नारा सच में किसी को काट पाएगा? या फिर राउत की बातें सच साबित होंगी? जैसा कि हालात बता रहे हैं, इस चुनाव पर यह एक शेर ही सटीक बैठता है:
'राजनीति का खेल है साहब, यहां हर चाल पे नजर रखनी पड़ती है,
मौके का फायदा न उठाए तो गोटियां भी उलट सकती हैं!'

## चेहरा देखकर टिकट, राहुल गांधी की नाखुशी का नया नाटक!



हरियाणा में मिली हार के बाद राहुल गांधी अब फूंक-फूंककर कदम रख रहे हैं। लगता है, अब उन्हें हर चेहरे के पीछे की कहानी जाननी पड़ेगी! महाराष्ट्र में उम्मीदवारों के चयन में उन्होंने खुद को शामिल कर लिया है। हाल ही में एक बैठक में कहा, 'सुझाए गए सभी नाम कुछ महाराष्ट्र नेताओं के पसंदीदा लग रहे हैं'।

हरियाणा चुनाव में तो कांग्रेस का हाल ऐसा था जैसे बुरे सपने में भी कोई ना दिखे। अब महाराष्ट्र में 288 सीटों पर 20 नवंबर को चुनाव हैं, और राहुल का कहना है कि 'सभी चेहरों का सही ऑडिशन होना चाहिए।' कांग्रेस ने 85 में से 48 सीटों पर उम्मीदवार घोषित कर दिए हैं, लेकिन राहुल नामों से ऐसे नाखुश हैं जैसे चाय में नमक डाल दिया हो। राहुल को शायद ऐसा लगता है कि ये नाम लॉटरी में आम आदमी को ना लगने वाला टिकट है!' उद्धव ठाकरे की शिवसेना को मिले आवंटन पर सवाल उठाते हुए वह ऐसे बोले, जैसे कोई दाल में कढ़ी ढूंढ रहा हो।

## वीआईपी सीट रिपोर्ट कार्ड

### श्रीवर्धन विधानसभा सीट

# लगातार 3 बार जीती एनसीपी लेकिन इस बार होगी टफ फाइट




» धीरज सिंह

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए सभी दलों ने अपने-अपने उम्मीदवार उतारने शुरू कर दिए हैं। महाराष्ट्र में एक चरण में विधानसभा के चुनाव हैं। यहां वोटिंग 20 नवंबर को होनी है। चुनावी नतीजे 23 नवंबर को आएंगे। महाराष्ट्र की वीआईपी सीटों की बात करें तो श्रीवर्धन विधानसभा क्षेत्र इनमें से एक है।

### एनसीपी का गढ़ है ये सीट

महाराष्ट्र की श्रीवर्धन विधानसभा रायगढ़ जिले में आती है। इसका लोकसभा क्षेत्र रायगढ़ है। श्रीवर्धन विधानसभा 1962 में बनी है। तब से यहां चुनाव हो रहे हैं। श्रीवर्धन विधानसभा सीट से अभी मौजूदा विधायक अदिति सुनील तटकरे हैं। इन्होंने 2019 के विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज की थी। ये सीट एनसीपी का गढ़ की कही जाती है। अभी यहां से अजीत पवार गुट की एनसीपी के विधायक हैं।



### 2019 विधानसभा चुनाव का परिणाम

| क्रम | उम्मीदवार | पार्टी | कुल वोट |
|---|---|---|---|
| 1 | आदिति सुनील तटकरे | एनसीपी | 92,074 |
| 2 | विनोद रामचंद्र घोषालकर | शिवसेना | 52,453 |
| 3 | नोटा | नॉट ऑफ द एबव | 3,772 |
| 4 | पवार ज्ञानदेव मरुति | स्वतंत्र | 1,844 |
| 5 | संजय बलकृष्ण गायकवाड़ | महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना | 1,473 |

### श्रीवर्धन सीट का इतिहास

| वर्ष | उम्मीदवार | पार्टी | कुल मत |
|---|---|---|---|
| 2019 | अदिति सुनील तटकरे | राकांपा | 92,074 |
| 2014 | अवधूत अनिल तटकरे | राकांपा | 61,038 |
| 2009 | तटकरे सुनील दत्तात्रेय | राकांपा | 66,141 |

### 2019 में एनसीपी की अदिति सुनील तटकरे ने दर्ज की जीत

श्रीवर्धन विधानसभा के चुनावी इतिहास पर नजर डाले तो यहां तीन बार से एनसीपी के उम्मीदवार ही चुनाव जीतते आए हैं। 2019 के चुनावी परिणाम के अनुसार, एनसीपी की अदिति सुनील तटकरे जो अभी अजीत पवार के गुट में शामिल हैं। उन्हें 92,074 वोट मिले थे। दूसरे नंबर पर यहां से शिवसेना के नेता विनोद रामचंद्र घोसालकर रहे थे। शिवसेना नेता को 2019 के विधानसभा चुनाव में 52,453 वोट मिले थे।

### सीट का जातीय समीकरण

श्रीवर्धन एक सामान्य श्रेणी की विधानसभा सीट है। इस सीट पर अनुसूचित जाति के मतदाता लगभग 14,883 हैं जो करीब 5.41% है। वहीं अनुसूचित जनजाति के मतदाता लगभग 25,172 हैं, जो करीब 9.15% के हैं। इसके अलावा मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 36,589 है जो कुल मतदाताओं के करीब 13.3% हैं। कुल मतदाताओं की संख्या 275104 है।

### डीबीडी एक्सप्लेनर

श्रीवर्धन सीट पर भले ही अभी तक राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी को नहीं हरा पाया है, लेकिन इस बार राजनीतिक परिस्थिति कुछ अलग है। क्योंकि राष्ट्रवादी पार्टी में इस बार विभाजन हो गया है। वहीं दूसरी तरफ सूबे का सीएम दलित समुदाय से है और श्रीवर्धन सीट पर दलित मतदाताओं की संख्या काफी है। वहीं दूसरी तरफ जितनी संख्या एससी और एसटी वोटरों की मिलाकर उतनी संख्या मुस्लिम वोटरों की है। मुस्लिम वोटर कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस के माने जाते हैं। ऐसे में हिंदू वोटरों की भूमिका महात्वपूर्ण हो गई है।